नई दिल्ली
नई दिल्ली, शनिवार 5 अक्टूबर 2019
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 23, अंक : 199
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 30.5
न्यून. 20.6

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 ➜ विश्व चैंपियनशिपः मुक्केबाज जमुना का विजयी आगाज



विचार पेज
08 संसाधनों का ज्यादा इस्तेमाल

# ग्रे मेट्रो लाइन की सवारी कर खिलखिलाये नजफगढ़वासी

## हरदीप सिंह पुरी व केजरीवाल ने मेट्रो भवन में हरी झंडी दिखाकर किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को नजफगढ़ व इसके आस पास के लोगों ने पहली बार नजफगढ़-द्वारका ग्रे मेट्रो रेल की सवारी का आनंद लिया और बेहद खशी जाहिर की। इस खंड पर शाम 5 बजे से आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू कर दी गई। जबकि इससे पहले इस लाइन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मेट्रो भवन में हरी झंडी दिखाकर किया। हरदीप पुरी ने दिल्ली मेट्रो को लंदन मेट्रो से बेहतर बताते हुए कहा कि लंदन मेट्रो को टक्कर देती है दिल्ली मेट्रो। इस मौके पर पुरी व केजरीवाल के अलावा परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, डीएमआरसी के एमडी डा. मंगू सिंह सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क अभी 377 किलोमीटर है जो चौथे चरण को मिलाकर लगभग 480 किलोमीटर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लंदन मेट्रो और न्यूयॉर्क मेट्रो काफी पुराने नेटवर्क हैं। जहां तक राइडरशिप की बात है तो पुराना मेट्रो नेटवर्क होने के बावजूद लंदन में अभी तक केवल 35 लाख लोग ही मेट्रो में सफर करते हैं, जबकि दिल्ली मेट्रो ने चंद सालों में यात्रियों का आंकड़ा इस संख्या से पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि तमाम दिक्कतों के बाद भी डीएमआरसी ने महज 17 वर्षों के भीतर जीरो से 377 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क खड़ा कर दिया।

### सिर्फ 6 मिनट में नजफगढ़ से द्वारका

करीब 4.3 किलोमीटर खंड पर तीन स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें द्वारका, नंगली और नजफगढ़ है। केवल 6.20 मिनट में नजफगढ़ से द्वारका पहुंचा जा सकता है। शुरूआत में मेट्रो 7.30 मिनट के अंतराल पर मिलेगी, बाद मे यह अवधि कम कर दी जाएगी।



### मेट्रो की प्रदूषण घटाने में अहम भूमिकाः केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली में मेट्रो अंतिम छोर तक ग्रामीण इलाके में पहुंच गई है, जहां लोगों को विकास का इंतजार था। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मेट्रो नहीं होती तो सार्वजनिक परिवहन के रूप में सड़कों पर आने वाली बसें बुरा हाल कर देती। मेट्रो प्रदूषण घटाने में अहम भूमिका अदा कर रही है। चौथे चरण में दिल्ली के कई अन्य देहात के क्षेत्र जुड़ जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### माओवादियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को तड़के करीब चार बजे माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड जैगुआर के दो जवान शहीद हो गए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक सुरक्षा बल पूरे क्षेत्र की घेरेबंदी कर माओवादियों की तलाश कर रहे थे। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनीस गुप्ता ने बताया कि आज तड़के रांची से लगभग साठ किलोमीटर दूर बुंडू में दशम झरने के निकट डोकापीढ़ी गांव में बड़ी संख्या में माओवादियों के एकत्रित होने की सूचना मिली थी।

### पीएम को खुला पत्र लिखने वाली हस्तियों के खिलाफ देशद्रोह का मामला




**मुजफ्फरपुर / वायनाड।** भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला पत्र लिखने वाले रामचंद्र गुहा, अडूर गोपालकृष्णन, अपर्णा सेन सहित करीब 50 शख्सियतों के खिलाफ बिहार के मुजफ्फरपुर में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि देशद्रोह, उपद्रव, धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने और शांति में बाधा डालने से सबंधित भादंसं की विभिन्न धाराओं के तहत बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

### मलिक के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद के वित्तपोषण के 2017 के एक मामले में जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक और अन्य के खिलाफ शुक्रवार को यहां की एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। आरोप पत्र में कश्मीरी अलगाववादियों आसिया अंद्राबी, शब्बीर शाह, मसरत आलम भट्ट के नाम भी आरोपियों के रूप में हैं। विशेष लोक अभियोजक सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व विधायक रशीद इंजीनियर का नाम भी आरोप पत्र में है।

### गांधी की 150वीं जयंती पर 611 कैदी रिहा



**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 'विशेष क्षमा' योजना के तहत इस हफ्ते देशभर की जेलों से 600 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दो अक्टूबर को 611 कैदियों की रिहाई के साथ ही पिछले एक वर्ष में इस योजना के तहत रिहा होने वाले कैदियों की कुल संख्या बढ़कर 2,035 हो गई है। उन कैदियों को विशेष माफी योजना के तहत रिहा नहीं किया गया, जिन्हें हत्या, बलात्कार या भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराया गया है।

## नजरिया




### वायुसेना प्रमुख आर.के. एस भदौरिया ने स्वीकारा

# बड़गाम में अपनी ही मिसाइल से हेलिकॉप्टर गिराना थी बड़ी गलती

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

बीते 26 फरवरी को बालाकोट एयरस्ट्राइक के अगले दिन सुबह करीब दस बजे जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में गिरा मी-17वी5 हेलिकॉप्टर वायुसेना द्वारा ही निशाना लगाए जाने की वजह से गिरा था। यह हमारी एक बहुत बड़ी गलती थी। लेकिन घटना के तुरंत बाद इसे लेकर वायुसेना के एक एयर कोमोडोर रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गई जांच यानि कोर्ट ऑफ इंक्वारी (सीओआई) की रिपोर्ट हाल ही में आ चुकी है, जिसमें वायुसेना से हुई इस भारी गलती का तथ्य प्रमाण के साथ स्थापित हो चुका है। इसके बाद दोषी पाए गए दो अधिकारियों के खिलाफ पहले प्रशासनिक कार्रवाई की गई है और अब कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई यानी कोर्ट मार्शल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में यह गलती दोहराई न जाए। यह जानकारी 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के आयोजन से इतर शुक्रवार को राजधानी में आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल आर. के. एस भदौरिया ने दी।

**खास बातें**

- कहा, बख्शे नहीं जाएंगे दोषी अधिकारी, होगी कड़ी कार्रवाई
- मी-17वी5 हेलिकॉप्टर वायुसेना द्वारा ही निशाना लगाए जाने की वजह से गिरा था



### माना 'बैटल कैजुवलटी'

वायुसेना प्रमुख ने इस घटना में मारे गए छह वायुवीरों को 'बैटल कैजुअलटी' मानना स्वीकार किया। जहां तक इन्हें किसी प्रकार का सैन्य सम्मान देने की बात है तो यह वायुसेना की निधार्रित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। अभी जांच रिपोर्ट ही पूरी हुई है। बाकी चीजें बाद में होंगी। जांच में यह भी पता चला था कि ग्राउंड पर मौजूद स्टाफ और हेलिकॉप्टर के चालक दल के बीच संचार और समन्वय की भारी कमी थी।

### सात निर्दोषों की गई थी जान

इस घटना में कुल सात निर्दोष लोग मारे गए थे। जिसमें वायुसेना के छह अधिकारी और एक आम नागरिक शामिल था। 26 फरवरी को वायुसेना के बालाकोट एक्शन के बाद पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों के प्रतिआक्रमण का जवाब देते वक्त जब एलओसी के दूसरे छोर पर यह हेलिकॉप्टर अपनी नियमित गश्त को बीच में छोड़कर वापस श्रीनगर एयरबेस पर लौट रहा था। तब बड़गाम में 'दोस्त' या 'दुश्मन' के विमान की पहचान में हुई गलती की वजह से एयरबेस पर नीचे बैठे वायुसेना के अधिकारियों ने सतह से हवा में मार करने वाली स्पाइडर मिसाइल दाग दी जिससे हेलिकॉप्टर हवा में ही धू-धू कर जलने लगा। यहां बता दें कि नए वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयरचीफ मार्शल भदौरिया ने बीते सोमवार को ही अपना कार्यभार संभाला है और उसके ठीक बाद इस वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर यह तमाम तथ्य सामने रखे हैं।

### बोले- सरकार कहे तो बालाकोट आतंकी कैंप पर हम फिर हमले को तैयार

भारतीय वायुसेना की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस में बालाकोट एयर स्ट्राइक से जुड़ा एक वीडियो चलाने को लेकर बवाल खड़ा हो गया। वायुसेना प्रमुख आर के एस भदौरिया के संबोधन से पहले बालाकोट स्ट्राइक से जुड़ा एक वीडियो चलाया गया जिसमें हमले का ग्राफिक चलाया गया और आखिर में बालाकोट की सैटेलाइट इमेज चलाई गई। लेकिन बाद में आर के एस भदौरिया ने साफ किया कि ये स्ट्राइक का ओरिजनल वीडियो नहीं है। ये एक 'प्रोमोशनल' वीडियो है लेकिन उन्होनें इतना जरूर कहा कि वायुसेना के पास स्ट्राइक से जुड़े सबूत हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए आर के एस भदौरिया ने कहा कि सरकार अगर आदेश देगी तो भारतीय वायुसेना एक बार फिर से बालाकोट आतंकी कैंप पर हमला कर सकती है।

### महाराष्ट्रः फड़णवीस-उद्धव ने किया गठबंधन का औपचारिक ऐलान

# भाजपा 150 और शिवसेना 124 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

एजेंसी ⏭मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद शुक्रवार को देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस की। मुख्यमंत्री ने कहा- भाजपा और शिवसेना हिंदुत्व के धागे से जुड़े हैं। सीट बंटवारे पर लोकसभा चुनाव के दौरान ही फैसला हो चुका था। महाराष्ट्र में इस विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना, रिपाई, रसपा, शिवसंग्राम और रायत क्रांति पार्टी के बीच गठबंधन हुआ है।

इस कॉन्फ्रेंस में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदित्य पहली बार चुनाव मैदान में हैं। वे ज्यादा से ज्यादा मतों से चुनाव जीते। अगले 5 सालों में हम महाराष्ट्र को मिलकर सूखा मुक्त करने का प्रयास करेंगे। अब स्पष्ट हो गया है कि विधानसभा चुनावों में भाजपा 288 सीटों में से 150 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है। शिवसेना 124 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 14 सीटें सहयोगी दलों को दी गई हैं। यह सभी भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे।

### आदित्य सबसे बड़ी जीत हासिल करेंगेः मुख्यमंत्री

महाराष्ट्र के चुनावी इतिहास में शायद यह पहली बार है जब प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद सीट बंटवारे का ऐलान किया गया हो। सीएम ने कहा- मुझे भरोसा है कि आदित्य ठाकरे सबसे बड़ी जीत हासिल करेंगे। आने वाले दिनों में हम बागी प्रत्याशियों से कहेंगे कि वह अपना नामांकन वापस ले लें। अगर वह नाम वापस नहीं लेंगे तो फिर उन्हें हमारे गठबंधन में कोई पोजिशन नहीं मिलेगी। उद्धव ठाकरे ने आदित्य ठाकरे के लिए सीएम पद की मांग पर कहा कि राजनीति में पहले कदम का मतलब यह नहीं है कि आप मुख्यमंत्री बन जाए। वह अभी-अभी राजनीति में आए हैं। यह अभी उनकी शुरुआत है।

### उप मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के पास जा सकता है

सीट बंटवारे से काफी पहले ही इस तरह की खबरें सामने आ चुकी हैं कि राज्य में यदि एनडीए को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री का पद बीजेपी और उप-मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के खाते में जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री पद के लिए शिवसेना से उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को दावेदार बताया जा रहा है।

### पीएमसी बैंक घोटालाः ईडी ने की छापेमारी

# निलंबित एमडी थोमस गिरफ्तार 4 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप

**मुंबई।** पंजाब-महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक जॉय थॉमस को मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। जॉय थॉमस को पीएमसी बैंक में कथित रूप से 4,355 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में पुलिस मुख्यालय के आर्थिक अपराध शाखा में बुलाया गया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले ईडी ने पीएमसी बैंक जालसाजी मामले में मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज कर किया। शुक्रवार को केंद्रीय एजेंसी ने मुंबई एवं आसपास के छह स्थानों पर छापामारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक शिकायत दर्ज करने के बाद छापामारी की है। केंद्रीय एजेंसी ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज की गई एफआइआर के आधार पर यह मामला दर्ज किया है।



- केंद्रीय एजेंसी ने मुंबई एवं आसपास के छह स्थानों पर की छापामारी

### आईएनएक्स मीडिया मामला

## चिदंबरम की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय की पीठ ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो की ओर से पेश सालिसीटर जनरल तुषार मेहता को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देने के साथ ही चिदंबरम की याचिका 15 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दी। चिदंबरम ने अपनी याचिका में उन्हें जमानत देने से इंकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के फैसले को चुनौती दी है। संप्रग सरकार में 2004 से 2014 के दौरान वित्त और गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने उन्हें 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

## मुलाकात



नई दिल्ली में शुक्रवार को सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री हेंग स्वी कीट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

### सीलिंग मामले पर केंद्र और दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# किसी को दिल्ली में रहने वालों की जरा भी परवाह नहीं

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सीलिंग मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार दिल्ली में प्रशासन को लेकर जंग कर रही है, किन्तु दोनों में से किसी को दिल्ली में रहने वाले लोगों की जरा भी परवाह नहीं है। कोई भी सही दिशा में आगे नहीं बढ़ना चाह रहा है।

दिल्ली में ऑथोरिटी को लेकर समन्वय के अभाव पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। अदालत ने कहा कि जब दिल्ली की ओर देखते है तो हमें दुःख भी होता है और गुस्सा भी आता है। अदालत ने कहा कि यहां ऑथोरिटी में कोई तालमेल नज़र ही नहीं आता है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति के आदेश पर दिल्ली में एक वर्ष पूर्व सीलिंग शुरू हुई थी। आवासीय संपत्तियों का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एक निगरानी समिति द्वारा सीलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले तीन नगर निगमों द्वारा लागू किया जा रहा है।



- दिल्ली में ऑथोरिटी को लेकर समन्वय के अभाव पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की
- कोर्ट ने कहा, जब दिल्ली की ओर देखते है तो हमें दु:ख भी होता है और गुस्सा भी आता है
- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति के आदेश पर दिल्ली में एक वर्ष पूर्व सीलिंग हुई थी शुरू

### दिल्ली में सीलिंग को लेकर विवाद नया नहीं

बता दें कि दिल्ली में सीलिंग को लेकर विवाद नया नहीं है। सीलिंग पर गठित की गई मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन भूरेलाल ने सीलिंग के लिए एमसीडी सहित दिल्ली की केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार ठहरा चुके हैं। आवासीय संपत्तियों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एक निगरानी समिति द्वारा सीलिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### अयोध्याः एक दिन घटी सुनवाई की डेडलाइन

# सुप्रीम कोर्ट 17 अक्टूबर को पूरी करेगा सुनवाई

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद की जमीन के स्वामित्व विवाद मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक पूरी कर लेगा। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्याक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 37वें दिन की बहस समाप्त पर इस विवाद में चल रही सुनवाई पूरी करने की नयी तारीख 17 अक्टूबर निर्धारित की। पहले इस मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी करने के लिए कहा गया था। पीठ ने कहा कि इस विवाद में मुस्लिम पक्षकार अपनी बहस 14 अक्टूबर तक पूरी करेंगे और इसके बाद दो दिन का समय अर्थात 16 अक्टूबर तक हिन्दू पक्षकारों को इन दलीलों का जवाब देने के लिये उपलब्ध होगा। अंतिम दिन 17 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई पूरी कर ली जायेगी। इस मामले में शीर्ष अदालत का फैसला 17 नवंबर से पहले ही आने की उम्मीद है।

# दिल्ली की हवा हुई साफ
# प्रदूषण हुआ 25% कम



## डीजल के पुराने वाहनों पर कसी है लगाम

**25% प्रदूषण हुआ कम**
**आओ मिलकर 100% कम करें हम**

Dip/Shabdarth/D/0156/19-20

## कैसे हुआ प्रदूषण कम ?

- 24 घंटे बिजली आने से जेनरेटर का इस्तेमाल लगभग बंद हुआ
- कंस्ट्रक्शन साइट्स पर डस्ट कंट्रोल न होने पर भारी जुर्माना
- सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित 'ग्रेडिड एक्शन प्लान' का पालन
- कोयले से बिजली बनाने वाले दो प्लांट बंद किये
- ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से दिल्ली में ट्रैफिक हुआ कम
- पूरी दिल्ली में युद्धस्तर पर हुआ मेगा वृक्षारोपण

पर हम सबको यहीं नहीं रुकना है और हर मुमकिन प्रयास कर प्रदूषण को पूरी तरह खत्म करते हुए दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाना है।

| वर्ष | PM 2.5 लेवल * |
|---|---|
| 2012-14 | 154 |
| 2016-18 | 115 |

* स्रोत: केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भारत सरकार





दिल्ली सरकार

पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## खबर संक्षेप



### नशा मुक्ति जागरुकता सप्ताह का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर को नशा मुक्त करने की दिशा में स्थानीय प्रबुद्ध लोगों एवं स्वयसेवी संस्थाओं द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में दिल्ली पुलिस व राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षा संस्थान के सहयोग व ख्याति प्राप्ति संस्था लाडली फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 4 अक्टूबर को भूमिया मंदिर चौक मदनगीर में नशा मुक्ति सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस संयुक्त आयुक्त देवेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) भारत सरकार के डायरेक्टर वीरेन्द्र मिश्रा ने शिरकत की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर, अतरिक्त पुलिस उपायुक्त परविन्दर सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सुश्री गीतांजिल, नगर निगम स्टेंडिंग कमेटी के पूर्व चेयरमैन सतेन्द्र चौधरी ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन लाडली फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक देवेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। जिसमें संस्था के राष्ट्रीय संयोजक चन्द्रपाल बैरवा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में अस्मिता थियेटर ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

### नए मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध मे फूंका पुतला

**नई दिल्ली।** नए व्हीकल एक्ट के विरोध में मुंडका विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का पुतला फूंका और मांग की है कि इस एक्ट को तुंरत वापस लिया जाए। इस मौके पर मुंडका से पूर्व विस प्रत्याशी डॉ. नरेश कुमार मोहम्मद सलीम, फूलकुमार विश्वकर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

## गुरु रविदास मंदिर के मामले में सुनवाई

# सभी पक्षकार वैकल्पिक स्थान के लिए सर्वमान्य हल के साथ आएः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने दिल्ली के तुगलकाबाद वन क्षेत्र में गुरु रविदास के मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर संबंधित पक्षकारों से शुक्रवार को कहा कि वे मंदिर के लिये बेहतर जगह के लिये सर्वमान्य समाधान के साथ आयें। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट्ट की पीठ ने कहा कि वह सभी की भावनाओं का सम्मान करती है लेकिन कानून का पालन तो करना ही होगा। पीठ ने इस प्रकरण से जुड़े पक्षकारों को वैकल्पिक स्थान के बारे में सर्वमानय समाधान खोजने का निर्देश देते हुये इस मामले को 18 अक्टूबर के लिये सूचीबद्ध कर दिया। न्यायालय के निर्देश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। पीठ ने कहा कि अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल भी इस मामले में पेश हो रहे हैं और सभी पक्षकारों को बेहतर स्थान के बारे में सर्वमान्य समाधान खोजने के लिये विचार विमर्श करना चाहिए ताकि वहां पर मंदिर का निर्माण हो सके।



### अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर उठाये थे सवाल

इससे पहले, न्यायालय ने सवाल किया था कि उसके आदेश पर गिराये गये मंदिर के पुनर्निर्माण के लिये संविधान के अनुच्छद 32 के तहत दायर याचिका पर कैसे विचार किया जा सकता है। यह याचिका दो पूर्व सांसदों- अशोक तंवर और प्रदीप जैन आदित्य- ने 27 अगस्त को दायर की थी। याचिका में उन्होंने अपने पूजा के अधिकार को लागू करने की अनुमति मांगी है। उनका आरोप है कि तुगलकाबाद में मंदिर और समाधि गिराये जाने के कारण उन्हें इस अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### पूर्व सांसदों ने की थी मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग

दोनों पूर्व सांसदों ने कहा था कि आसपास के इलाके से अतिकमण हटाने के मामले में शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान अनेक तथ्य छुपाये गये थे। इसके साथ ही पूर्व सांसदों ने मंदिर के पुनर्निर्माण की अनुमति मांगते हुये कहा था कि वह एक पवित्र स्थान है और वहां 500-600 सालों से पूजा अर्चना हो रही थी। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने शीर्ष अदालत के आदेश पर इस मंदिर को गिराया था। न्यायालय ने नौ अगस्त को टिप्पणी की थी कि गुरु रविदास जयंती समारोह समिति द्वारा पहले के आदेश के अनुरूप वन क्षेत्र खाली नहीं करके गंभीर उल्लंघन किया गया है। मंदिर गिराये जाने की घटना के बाद दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में गुरु रविदास के अनुयायियों ने अनेक स्थानों पर प्रदर्शन किये थे। न्यायालय ने 19 अगस्त को इन इलाकों में प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक या किसी अन्य वजह से कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। न्यायालय ने आगाह किया था कि विरोध प्रदर्शन करने वाले लोग मंदिर गिराये जाने के मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दें।

### कांग्रेस ने किया फैसले का स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्षों हारून यूसुफ व राजेश लिलोठिया ने तुगलकाबाद में तोड़े गए संत रविदास मंदिर पर दिए फैसले का स्वागत किया है। हारून ने कहा कि राजेश लिलोठिया द्वारा दायर की गई याजिका पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि संबंधित सभी पक्षों को इस मुद्दे का संतोषजनक समाधान खोजने के लिए अटॉर्नी जनरल से मिलना चाहिए। कांग्रेस इस मुद्दा नहीं मानती क्योंकि यह जनभावनाओं से जुड़ा हुआ सवाल है। कोर्ट द्वारा लिलोठिया की याचिका पर दिए आदेश संत रविदास समाज के लाखों अनुयायियों के लिए एक बड़ी राहत है।

# 1.42 लाख मरीजों का करवाया फ्री में इलाज

## स्वास्थ्य मंत्री जैन ने जारी किए आंकड़े

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने पिछले ढाई साल में हाई एंड डायग्नोस्टिक टेस्ट, सर्जरी और दुर्घटना, आग से जलने वाले और एसिड अटैक से पीड़ित एक लाख 42 हजार 202 मरीजों का इलाज फ्री में करवाया। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर दी है। सत्येंद्र जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2017 में सभी के लिए मुफ्त, कुशल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को व्यापक बनाने के उद्देश्य से दिल्ली आरोग्य कोष (डीएके) की घोषणा की थी। इसमें इन तीन योजनाओं को शामिल किया गया था। जिसमें मुफ्त हाई-एंड डायग्नोस्टिक स्कीम, निःशुल्क सर्जरी योजना, और सड़क दुर्घटनाओं, तेजाब हमलों और थर्मल बर्न इंजरी के पीड़तिों के लिए इलाज की व्यवस्था की गई थी। जैन ने बताया कि फरवरी 2017 में मुफ्त उच्च-अंत डायग्नोस्टिक्स योजना लागू हुई। इस योजना के तहत 30 जून 2019 तक एक लाख 34 हजार 609 रोगियों को लाभ मिला। इसमें मरीजों के एमआरआई, सीटी, पीईटी सीटी, न्यूक्लियर, ईईजी, ईएमजी की जांचें और एक्सरे मुफ्त में किए गए। इसके लिए 23 निजी प्रयोगशालाओं को सशक्त बनाया। इसी प्रकार मार्च 2017 में निःशुल्क सर्जरी योजना, शुरू की गई थी। जून 2019 तक 4 हजार 6 सौ 54 रोगियों को कार्डियक सर्जरी, यूरो-सर्जरी, जनरल सर्जरी, लैप-कोलेसीस्टेक्टॉमी, ईएनटी और आंख से संबंधित मुफ्त में ऑपरेशन किए गए। वहीं अरविंद केजरीवाल सरकार ने सड़क दुर्घटना, एसिड अटैक और थर्मल बर्न इंजरी के पीड़ितों को कानूनी सहायता देने के लिए फरवरी 2018 में एक योजना शुरू की। इस योजना के तहत 15 फरवरी 2018 से 30 जून 2019 तक 2 हजार 9 सौ 38 सड़क दुर्घटना पीड़ितों और एक एसिड अटैक पीड़ित का निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया गया है।

# जनता को दूषित जल की आपूर्ति कर रहे सीएमः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली को लंदन, पेरिस बनाने की बात करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जनता को दूषित जल की आपूर्ति कर रहे हैं जिसके सेवन से अत्यन्त गम्भीर बीमारियां भी हो सकती हैं, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा दिल्ली में पेयजल की शुद्धता को लेकर किए गए बड़े खुलासे के बाद दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाए। तिवारी ने कहा



कि केजरीवाल पहले जनता को पीने का शुद्ध पानी दें। हर विषय पर बयानबाजी करने वाले केजरीवाल दूषित पानी के मुद्दे पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड और उसकी कार्यशैली पर बीआईएस द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली के 11 जगहों से लिए गये पानी के नमूनें की जांच बीआईएस के लैब में किये जाने पर कुछ जगहों का पानी 42 मानकों में से 12, 13 व 14 मानकों पर विफल पाए गये हैं। इन पानी के नमूनों में पीएच लेवल, घुले हुये ठोस कण और गंध व अन्य घटकों की जांच की गई जिनके मानकों के आधार पर ये नमूने किसी न किसी स्तर पर विफल पाए गये हैं।

### गुहार लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा शुद्ध पानी

तिवारी ने कहा कि गर्मियों के दौरान पानी को लेकर जगह-जगह हुए झगड़े दिल्ली की जनता ने देखे हैं। लेकिन पानी की आपूर्ति के लिए केवल घोषणाएं व विज्ञापन दिये गये, लेकिन जनता को पानी नहीं मिला। बूंद-बूंद को तरसती जनता दिल्ली जल बोर्ड के टैंकरों की राह देखने में अपना अधिकतर समय निकालती रही। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों के पास गुहार लगाने के बाद भी पानी लोगों को नहीं मिला। अब जब गर्मी का मौसम जा रहा है तब बीआईएस की रिपोर्ट का आना यह स्पष्ट करता है कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी जहरीला है जिसने कई प्रकार के बीमारियों को जन्म दिया है।

### महाबल बोले, नजफगढ़ मेट्रो मेरे प्रयासों का फल

**नई दिल्ली।** द्वारका-नजफगढ़ (ग्रे) मेट्रो लाइन को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर इस लाइन का अलग से खुद उद्घाटन किया। इस मौके पर मिश्रा के साथ पूर्व पार्षद जयकिशन शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। इस उद्घाटन पर मिश्रा ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि मेरी मेहनत रंग लाई और आज वह दौड़ती दिख रही है। मैंने बतौर सांसद इस लाइन के लिए प्रधानमंत्री से लेकर शहिरी विकास मंत्री तक काम किया था। भारी भाग दौड़ के बाद आखिरकार तीसरे चरण में इस लाइन को शामिल किया गया था।

### प्याज की जमाखोरी पर कड़ाई से लगाम लगे : इमरान हुसैन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को प्याज की जमाखोरी, कालाबाजारी और मुनाफाखोरी इत्यादि पर लगाम लगाने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड इत्यादि की प्रवर्तन टीमों के अधिकारियों/कर्मचारियों को नियमित फील्ड इंस्पेक्शन करने और प्रवर्तन गतिविधियों को जारी रखने का निर्देश दिया है। इमरान हुसैन ने शुक्रवार को प्याज वितरण की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन टीमें प्याज के लिए निर्धारित स्टॉक लिमिट की अनुपालना की भी जांच करेंगी तथा उल्लंघन कर्ताओ के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि दिल्ली की सभी 70 विधान सभा क्षेत्रों में प्याज की बिक्री हेतु लगाई गई 390 उचित दर दुकानों एवं मोबाइल वाहनों को प्याज की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति समय से सुनिश्चित करने हेतु सभी एजेंसियां एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करें। इमरान हुसैन ने शुक्रवार को दिल्ली में प्याज के थोक मूल्यों और खुदरा मूल्यों में अंतर की भी समीक्षा की।

## दिल्ली सरकार ने लटकवाया नरेला-बवाना निर्माणाधीन पुल का काम : गुप्ता



**नई दिल्ली।** नरेला-बवाना मार्ग को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का कार्य दिल्ली सरकार के कारण रूकने से नरेला व बवाना में यातायात जाम की समस्या पैदा हो रही है। जिसके चलते हर दिन लोगों को नरेला-बवाना रेलवे फाटक पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। दिल्ली विधानसभा के नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। इससे पहले गुप्ता ने मौके का दौरा किया। गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा बवाना नरेला में ट्रैफिक जाम की समस्या से निबटने के लिये फ्लाईओवर कम रोड ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर दिल्ली सरकार द्वारा रोड़ा अटकाये जाने के कारण शेष कार्य जानबूझकर रोका गया है। कुछेक पेड़ों के रास्ते में आने के कारण स्लैब नहीं डाले जा पा रहे हैं। सरकार सभी औपचारिकतायें पूरी करने के बाद भी जानबूझकर पेड़ों को हटाने की अनुमति नहीं दे रही है।

### सरिता और आजाद भाजपा से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली नगर निगम की पूर्व मेयर सरिता चौधरी और उनके पति आजाद सिंह को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने शुक्रवार को दोनों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। बता दें कि कुछ दिन पहले भाजपा महरौली जिला के तत्कालीन अध्यक्ष आजाद सिंह ने अपनी पत्नी सरिता चौधरी को दिल्ली भाजपा के कार्यालय में थप्पड़ मार दया था। इस दौरान वहां दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। इस घटना के बाद दोनों पति-पत्नी के बीच की लड़ाई सड़क पर आ गई थी। दोनों के बीच पिछले कुछ महीने से पारिवारिक कलह चल रही है। एक कथित वीडियो में सरिता भी अपने पति आजाद सिंह को थप्पड़ मारती नजर आई थी। यह वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था।

- पति-पत्नी के बीच की कलह बनी कारण
- आजाद ने पिछले दिनों की थी मारपीट




## सिसोदिया ने किया उद्घाटन, शंकर-एहसान-लॉय ने दी प्रस्तुति

# 'एक शाम बापू के नाम' आयोजित





- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर दिल्ली सरकार का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित ह्यएक शाम बापू के नाम कार्यक्रम में संगीत की प्रस्तुतियों ने माहौल में देशभक्ति भर दी। संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय और विद्या शाह ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। गणेश वंदना के बाद शंकर एहसान लाय ने देशभक्ति के गीतों से समां बांध दिया। वहीं, दूसरी तरफ विद्या शाह के रघुपति राघव राजा राम गाते ही लोगों के साथ देने पर पूरा पार्क भजन से गुंज उठा। इससे पहले मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि महात्मा गांधी को दुनिया में कोई ऐसा विश्वविद्यालय नहीं है जहां पढ़ाया नहीं जाता हो। आज हमकों महात्मा गांधी की पैसों के रूप में जरूरत नहीं है। हमें उनकी विचारों के रूप में जरूरत हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री गोपाल राय ने की। जबकि इस अवसर पर दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन विशिष्टि अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहे।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# होगी दिल्ली पास, डेंगू फेल



Dip/Shabdarth/D/0157/19-20

यंग चैंपियन

बच्चों भूले तो नहीं, रविवार का होमवर्क याद है ना ?
डेंगू को हराने के लिए हमें क्या क्या करना है ?
आज 10 बजे 10 मिनट हमें सबको जगाना है और मिलकर डेंगू को भगाना है।
बच्चों आज हमें नज़र रखनी हैं कि कहीं साफ पानी जमा तो नहीं है
अगर हो तो उसे उड़ेल दें।
यह होमवर्क सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि अपनें मम्मी पापा से,
आस-पड़ोस के लोगों से भी कराना है
और अपनी प्यारी दिल्ली को डेंगू से बचाना है।

डेंगू पे वार हर रविवार

और हाँ, होमवर्क खत्म होने के बाद जो स्टीकर आपको
स्कूल में मिल रहें हैं उसे घरों के बाहर लगाना मत भूलना।



**दिल्ली कर दिखाएगी**

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## खबर संक्षेप



### तेजस एक्सप्रेस को पहले ही दिन कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर रोका

**गाजियाबाद।** भारतीय रेलवे की पहली प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस का विरोध शुरू हो गया है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को पहले दिन जैसे ही तेजस पहुंची तो कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर ट्रेन को को दिया। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़कर ट्रेन को रवाना कराया। इस बीच करीब 10 मिनट ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। देश की पहली प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने नीयत समय अपराह्न 3.30 बजे गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां पहले से ही प्रदर्शन कर रहे रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक पर इसका रास्ता रोक दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ा। रेलवे के कर्मचारी इसके निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन किया।

### तीन दुकानों में लगी आग



**नोएडा।** सेक्टर 16 के एक बाजार में शुक्रवार सुबह आग लगने से कार एसेसरीज की तीन दुकानें जल कर खाक हो गईं। दमकल विभाग की छह गाड़ियां इस संबंधी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचीं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि सेक्टर 16 के बाजार में संदीप गोयल की कार एसेसरीज की तीन दुकानों में से एक दुकान में सुबह शॉर्ट सर्किट की वजह से भयंकर आग लग गई। उन्होंने बताया कि देखते-देखते आग ने गोयल की तीनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

### खेलकूद प्रतियोगिता के लिए केवी की क्रिकेट टीम बेंगलुरु रवाना



**फरीदाबाद।** बेंगलुरु में आयोजित होने वाली 50वीं केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2019 में शिरकत करने के लिए शुक्रवार को केन्द्रीय विद्यालय नंबर-2 की टीम रवाना हो गई। टीम के साथ क्रिकेट कोच नरेश शर्मा व स्पोर्ट्स टीचर जोरावर सिंह भी गए है। टीम को बेंगलुरु रवाना करने पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि इस टीम ने रीजनल खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया था। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को फिर दोहराएगी और नेशनल प्रतियोगिता में पदक हासिल कर फरीदाबाद का नाम रोशन करेगी।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार पांच बाइक बरामद



**नोएडा।** बिसरख पुलिस ने गुरुवार की रात को गश्त के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर, उनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की हैं। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली थाना पुलिस ने हैबतपुर गांव के पास से सुभाष तथा सुरेंद्र को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं, तथा सगे भाई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से चुराई गईं पांच मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वाहन चोरी की कई वारदात करना स्वीकार किया है।

# मूलचंद, ललित, सिंगला समेत कई प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**फरीदाबाद।** विधानसभा चुनाव 2019 की नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा व कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं.मूलचंद शर्मा का नामांकन कराने जहां एक ओर पीएमओ में मंत्री जितेन्द्र सिंह व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पहुंचे तो तिगांव से कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला, एनआईटी से नीरज शर्मा व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनन्द कौशिक का नामांकन कराने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कु. शैलजा पहुंची।

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. मूलचंद शर्मा भारी लाव-लश्कर के साथ बल्लभगढ़ के पंचायत भवन में स्थित एसडीएम कार्यालय में नामांकन करने पहुंचे। श्री शर्मा का नामांकन कराने आए पीएमओ में मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा को अपने दिलों में उतार चुकी है। जिस हिसाब से भाजपा के पक्ष में माहौल बन रहा है।





**नागर ने भाजपा पर हमला बोला**

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दरअसल में भाजपा हाईकमान को हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राव नरबीर की टिकट मजबूरी में काटनी पड़ी क्योंकि भाजपा आलाकमान के पास इन दोनों कैबिनेट मंत्रियों के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा पहुंच चुका था। अगर यह दोनों मंत्री चुनाव मैदान में भाजपा का पटका पहनकर आते तो जनता इन्हें तो सबक सिखाती।

### काम-धंधे ठपः सिंगला

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि भाजपा ने नोटबंदी व जीएसटी जैसे काले कानून पास करके व्यापारियों व दुकानदारों को बर्बाद करने का काम किया है। आज हालात इतने बदत्तर है कि व्यापारी व दुकानदार अपने भविष्य को लेकर चिंतित है, उनके काम-धंधे पूरी तरह से ठप हुए पड़े है लेकिन भाजपाई झूठ व जुमलेबाजी की बदौलत जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है जनता अब इन लोगों के बहकावों में आने वाली नहीं है और जीएसटी व नोटबंदी से कानूनों पर वोट की चोट से जवाब देने का काम करेगी। सिंगला नामांकन दाखिल करने से पूर्व ओल्ड फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खुली जीप में सवार होकर सिंगला अपने समर्थकों के साथ ओल्ड के मुख्य बाजार से होकर गुजरे। जहां क्षेत्र के हजारों व्यापारियों, दुकानदारों व मौजिज लोगों ने श्री सिंगला का फूल मालाओं एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। श्री सिंगला अपने समर्थकों के साथ सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पहुंचे।

# अंतिम दिन 58 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे, 85 प्रत्याशी मैदान में



**गुरुग्राम।** नामांकन भरने के अंतिम दिन जिला में सर्वाधिक 58 नामांकन भरे गए। कुल मिलाकर जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 85 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। सबसे ज्यादा 21 नामांकन पटौदी विधानसभा क्षेत्र में भरे गए हैं। अंतिम दिन गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में 19 नामांकन भरे गए। जिनमें भाजपा के प्रत्याशी सुधीर कुमार व सुनीता सिंगला, इंडियन नेशनल लोक दल के ब्रहम प्रकाश, जननायक जनता पार्टी से सूबे सिंह, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी से तरविंदर सैनी, बहुजन समाज पार्टी से नरेन्द्र सिंह व महेन्द्र सिंह के अलावा नौ आजाद उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आजाद उम्मीदवारों में विधायक उमेश अग्रवाल की पत्नी अनीता अग्रवाल, गजे सिंह कबलाना, प्रमिला देवी, अश्वनी शर्मा, सीमा पाहुजा, अिव्रनव वशिष्ठ, गोविंद नारायण खेम, कुलदीप सिंह बोहरा, विकास तथा दिनेश कुमार के नाम शामिल हैं। इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुखबीर कटारिया ने नामांकन के चार सैट दाखिल किए और ऋ तु ने नामांकन के दो सैट भरे। बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए गए। इनमें भाजपा से मनीष यादव व रामानंद यादव, स्वराज इंडिया से मामन यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कमलबीर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्रपाल, जननायक जनता पार्टी से ऋ षि राज राणा, बहुजन समाज पार्टी से महावीर, इंडियन नेशनल लोकदल से सोनू ठाकरान, जनता पार्टी से राजेश के अलावा तीन निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों में पालम विहार के अंबिकेश पांडे, बजघेड़ा के गजेन्द्र तथा आरडी सिटी के संदीप सिंह शामिल हैं। इस प्रकार बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 19 उम्मीदवार चुनाव मैदान में आ गए हैं। सोहना विधानसभा क्षेत्र में आज 13 उम्मीदवारों द्वारा अपने नामांकन भरे गए। जिन्हे मिलाकर कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतर आए हैं।

# नोएडा के चार स्कूलों पर लगा 1,75,000 का जुर्माना

**नोएडा।** जिले में मनमाने तौर से फीस वसूलने व नियमों का पूर्ण रूप से पालन न करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को सेक्टर 27 स्थित डीएम कैंप कार्यालय में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक हुई। इस दौरान दो माह के अंदर 16 निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों द्वारा दी गई शिकायतों की सुनवाई की गई।

जिले के चार स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 1,75,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, साथ ही बढ़ी हुई फीस अभिभावकों को एक सप्ताह के अंदर वापस करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर बीएन सिंह ने स्कूलों पर की गई शिकायत पर सुनवाई की और स्कूलों को नियमों के पालन करने के लिए कहा। सेक्टर-34 स्थित बिलाबोंग स्कूल पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। स्कूल पर डीएफआरसी (जिला शुल्क नियामक समिति) के नियमों का पूर्ण रूप से पालन न करने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि स्कूल ने ऐसी किताबें लगाई हुए है जोकि दिल्ली एनसीआर में नहीं मिल रही हैं जिसकी वजह से अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर- 11 स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल को पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों को पूर्ण रूप से लागू न करने के लिए 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। सेक्टर-50 स्थित रामाज्ञा स्कूल पर बीच सत्र में फीस में इजाफा करने के लिए 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। स्कूल ने छात्रों के लिए मौजूदा फीस में 1100 रुपये बढ़ोतरी की थी।

# फरीदाबाद पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## मार्च में आईआरबी की कंपनी एवं फरीदाबाद पुलिस के जवान थे शामिल

**फरीदाबाद।** आगामी 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शुक्रवार को फरीदाबाद पुलिस व आईआरबी के जवानों ने पुलिस आयुक्त के के राव के दिशा-निर्देश पर अमल करते हुए एसीपी एनआईटी व एसीपी सराय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के के राव ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस की प्राथमिकता शांतिपूर्वक निष्पक्ष चुनाव कराना है। किसी भी तरह की गड़बड़ी व गलत कार्य करने वाले व्यक्ति को नहीं बक्शा जाएगा।

एसीपी एनआईटी गजेंद्र सिंह ने अपने एरिया में आने वाले भीड़-भाड़ एवं मार्केट क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया है। इस बीच उन्होंने लोगों को शांतिप्रिय वोट के लिए भी प्रेरित किया है।







**कुरुक्षेत्र।** मंच पर उपस्थित वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व साथ में पिहोवा विस से भाजपा के उम्मीदवार संदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा ने ईमानदारी एवं पारदर्शी तरीके से काम किएः कैप्टन अभिमन्यु

- पिहोवा उम्मीदवार संदीप सिंह के नामांकन के बाद जनसभा में बोले हरियाणा के वित्त मंत्री
- पांच साल में प्रदेश का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 120 हजार करोड़ कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिहोवा में जनसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा सरकार ने भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद से परे हटकर ईमानदारी एवं पारदर्शी तरीके से सारे काम किए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरियों के अतिरिक्त पूरे प्रदेश में सड़क, बिजली, नहरी पानी एवं पेयजल आदि की अनेक योजनाओं के लिए कार्य किए गए। फसलों के न्यूनतम मूल्य निर्धारित किए गए। जनसभा के बाद एक विशाल जुलूस के रूप में कैप्टन अभिमन्यु के साथ पिहोवा विस से भाजपा के उम्मीदवार संदीप सिंह ने नामांकन किया। जनसभा को राज्य मंत्री कृष्ण बेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मबीर मिर्जापुर ने भी संबोधित किया। इससे पहले पिहोवा में पहुंचने पर संदीप सिंह ने कैप्टन अभिमन्यु को बुके देकर उनका स्वागत किया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रदेश औद्योगिक दृष्टि से देश में 14वें स्थान पर था, और अब प्रदेश तीसरे स्थान पर है।

भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि हम शीघ्र ही प्रदेश को प्रथम स्थान पर लेकर आएंगे। पांच साल में प्रदेश का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 120 हजार करोड़ कर दिया गया। हर रसोई में शुद्ध पेयजल देने के लिए एक हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### भाजपा प्रदेश की ढाई करोड़ जनता को परिवार मानती है

वित्त मंत्री ने कहा कि भाजपा अनत्योदय की विचारधारा पर चलती है। भाजपा की विचारधारा हरियाणा की ढाई करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने की रही है, जबकि कांग्रेसी स्वयं हित के लिए लड़ते झगड़ते रहते हैं। कांग्रेस लिए परिवार सबसे पहले होता है, जबकि भाजपा के लिए समाज सबसे पहल होता है। वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने प्रदेश व देश के हित के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के कार्यकाल में प्रदेश ने ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है।

# विस चुनावों की तैयारियों का जायजा लेगा निर्वाचन आयोग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

भारत निर्वाचन आयोग का एक दल आगामी नौ व दस अक्तूबर को हरियाणा का दौरा करेगा और प्रदेश में विधानसभा चुनाव करवाने की तैयारियों का जायजा लेगा। आयोग के दल के हरियाणा दौरा को लेकर आयोग के उपचुनाव आयुक्त संदीप सक्सेना और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के सभी जिलों के आयुक्तों, उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग का यह दल नौ अक्तूबर को चण्डीगढ़ पहुंचेगा। वहीं पर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों व मण्डलायुक्तों तथा पुलिस आयुक्तों से चुनाव की तैयारियों के बारे में रिपोर्ट लेगा। इसमें जिला में मतदान प्रतिशत बढाने से लेकर मतदाताओं व मतदान केंद्रों की संख्या, नैतिकता से मतदान करना, स्वीप गतिविधियों, चुनावी खर्च पर निगरानी रखने, सी-विजिल एप के संचालन, सुरक्षा प्रबंधों, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा आदि पर चर्चा होगी।

# रजत पदक विजेता गौरिका ने बनाई नेशनल में जगह

**गुरुग्राम।** डीएवी नेशनल स्पार्टस-2019 के दिल्ली/एनसीआर जोन में अंडर 19 लड़कों व लड़कियों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 गुरूग्राम की 11वीं कक्षा की छात्रा गौरिका सांगवान ने रजत पदक हासिल कर नेशनल में जगह बनाई है। विद्यालय की तीरांदाजी कोच सिंपल दत्ता के अनुसार डीएवी नेशनल स्पोर्टस-2019 के अंतर्गत दिल्ली एनसीआर जोन के अंडर 19 लड़कों व लड़कियों की तीरंदाजी प्रतियोगिता फरीदाबाद में आयोजित करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में गुरूग्राम के सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा गौरिका सांगवान ने रिकर्व राउंड में अच्छा प्रदर्शन किया। पहले स्थान पर रही छात्रा और गौरिका के बराबर अंक थे। दोनों को 265-265 अंक मिले। जिसके बाद प्रतियोगिता टाई होने के कारण दोनों को एक-एक राउंड अतिरिक्त दिए गए। इसमें गौरिका एक अंक से पिछड़ गई जिसके कारण उसे रजत पदक मिला है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली एनसीआर जोन में रजत पदक मिलने के बाद गौरिका सांगवान का चयन डीएवी नेशनल प्रतियोगिता के लिए हो गया है। गुरूग्राम जिला से डीएवी नेशनल के लिए केवल गौरिका का ही चयन हुआ है। जिस पर विद्यालय की प्राचार्या ने उसे बधाई दी है।



## किसान परेशान, फसल का मुआवजा देने की मांग

# हवा के साथ आई बारिश से धान की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

तेज हवा के साथ आई बारिश ने महावतपुर एवं आसपास पास के यमुना खादर के दर्जनों गावों में सैकड़ों एकड़ धान की खड़ी फसल गिरकर खराब हो गई है। प्रभावित किसान बहुत दुखी हैं।

महावतपुर निवासी सुभाष चौहान ने बताया कि गुरुवार देर शाम आई आंधी-बारिश से धान की खड़ी फसल गिर गई। पीड़ित किसानों ने बताया कि धान की फसल में दाने वाली बालियां थी फसल कुछ सप्ताह बाद कटाई के लिए तैयार थी, तेज हवा के साथ आई बारिश की बूंदों ने धान की फसल को धराशायी कर दिया। फसल गिरने से दाने वाली बालियां खराब होने से दाना काला पड़ जाएगा जिसे खोई नहीं खरीदेगा।



गांव बादशाहपुर के प्रगतिशील किसान डॉ. धर्मपाल त्यागी ने बताया कि तेज हवा के साथ हल्की बारिश के इस तूफान ने हमारे क्षेत्र में धान के 1121 बासमती फसल ज्यादा होती है इसमें 50 से 60 फीसदी का नुकसान हुआ है। फसल गिर जाने से इसमें छिड़काव नहीं हो पाता है जिस कारण फसल ज्यादा खराब होने की आशंका बन जाती है।

त्यागी ने बताया कि अगेती फसल 1509 में 10 फीसदी नुकसान है। यमुना खादर के गांव पलवली, वजीरपुर, ददसिया, बादशाहपुर, किडावली, शेरपुर, लालपुर, मौजाबाद, महावतपुर, भस्कोला, भूपानी, नचौली, चीरसी, मंझावली आदि गावों में इस अंधड़ के साथ गिरे पानी से सैंकड़ो एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई। इस तूफान से खराब होने वाली धान की फसल के पीड़ित किसानों का कहना है की खराब हुई धान की फसल की तुरंत गिरदावरी हो और प्रभावित होने वाले किसानों को सरकार मुआवजा दे ताकि किसानो को फौरी तौर पर राहत मिल सके।

### एबीवीपी ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**गुरुग्राम।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने छात्रों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा। छात्र नेता आशीष राजपूत ने बताया कि कैंपस के अंदर पानी की समस्या बहुत बड़ी है। हजारों छात्रों वाले कैंपस में पीने के पानी की पर्याप्त सुविधा नहीं है। कैंटीन में खाद्य पदार्थों की कमी है। इस बारे में प्रबंधन को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उन्होंने समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया है। सदैव आश्वासन ही देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन छात्रों की समस्याओं को सहन नहीं करेगा। यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। प्राचार्य ने छात्रों की समस्याओं का समाधान कराने का फिर से आश्वासन दिया है।

### होमगार्ड के जवानों से मारपीट व लूटपाट

**गुरुग्राम।** यहां साउथ सिटी-दो क्षेत्र में चार-पांच युवकों ने गस्त कर रहे होमगार्ड के दो जवानों के साथ मारपीट की और उनसे मोबाइल एवं पर्स छीनकर फरार हो गए। सेक्टर-50 थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। होमगार्ड के जवान राशिद एवं शहाबुद्दीन साउथ सिटी-दो के क्यू-ब्लॉक इलाके में गशत कर रहे थे। उसी दौरान कई चार-पांच युवक शोर शराबा कर रहे थे। जवानों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो युवकों ने आपा खो दिया और दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक जवानों से पर्स व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। सेक्टर-50 थाना प्रभारी शाहिद अहमद ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंडः भाजपा ने 90 कार्यकर्ता किए बाहर

**देहरादून।** भाजपा ने उत्तराखंड में शनिवार से शुरू हो रहे पंचायत चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियां करने पर अपने 90 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश पार्टी मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने शुक्रवार को बताया कि जिला पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ प्रचार करने व पार्टी के दिशा-निर्देशों के खिलाफ काम करने के आरोप में प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट के निर्देश पर 90 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित में कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। उत्तराखंड में 05 से 16 अक्टूबर तक तीन चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं।

### पाक महिला को 35 वर्ष बाद मिली भारतीय नागरिकता

**मुजफ्फरनगर।** पाकिस्तानी महिला को आवेदन करने के पैंतीस साल बाद आखिरकार भारतीय नागरिकता मिल गई। स्थानीय खुफिया अधिकारी के अनुसार 55 वर्षीय जुबैदा की 35 साल पहले योगेंद्रपुर इलाके के निवासी सैयद मोहम्मद ज़ावेद से शादी हुई थी। उसने शादी के तुरंत बाद भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया था पर कुछ कानूनी आधारों पर इसे स्वीकार नहीं किया गया था। वर्ष 1994 के बाद से वह देश में दीर्घकालिक वीजा पर रह रही थी व इस हफ्ते की शुरुआत में उसे भारतीय नागरिकता मिली।

### कश्मीर में हालात जल्द सामान्य हों: एएमयू


**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अध्यापक संघ (एएमयूटीए) ने कश्मीर में हालात जल्द से जल्द सामान्य करने की केंद्र से मांग की है। एमयूटीए की कार्यकारिणी परिषद ने बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि कश्मीर घाटी में हालात सामान्य करने का एक ही रास्ता है और वह है कश्मीर के लोगों का दिल जीतना।

## पटना जलजमाव पर एनडीए नेताओं में वार-पलटवार

# ताली सरदार को तो गाली भी सरदार कोः गिरिराज

एजेंसी ⏭ पटना

राजधानी पटना में जलजमाव पर एनडीए नेताओं के बीच वार-पलटवार को दौर जारी है। एनडीए के दो प्रमुख दल बीजेपी, जेडीयू एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अब केंद्रीय मंत्री व बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने सीएम को निशाने पर लेते हुए हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि अगर बिहार के सीएम नीतीश कुमार 15 साल से सत्ता में हैं तो उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। निश्चित तौर पर ताली सरदार को तो गाली भी सरदार को। यही दुनिया की रीति है। साथ ही उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि नशा सत्ता का हो, जमीन नजर न आता हो, आंख पर पर्दा व लोगों का दर्द सुनाई ना दे तो सत्ता हमेशा सजग चौकीदार से सवाल पूछती है। साथ ही कहा कि मेरा अपने क्षेत्र में होने का प्रमाण बेगूसराय की जनता, राजनीतिक शह से अंधे सरकार के अधिकारी दे सकते हैं। निष्ठुर-संवेदनहीनों से मुझे सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। मालूम हो कि जेडीयू के विधान पार्षद डॉ रणवीर नंदन ने पटना में जलजमाव को लेकर बीजेपी के विधायकों व पटना की मेयर को जिम्मेदार ठहराया था। नगर विकास, स्वास्थ्य व लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री को दल के विधायक ही जलजमाव के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। साथ ही कहा कि राजधानी की सभी सीटों पर बीजेपी के विधायक हैं। मेयर भी बीजेपी की हैं।



**आरोप-प्रत्यारोप**

- नीतीश 15 वर्ष से सत्ता में हैं तो वह जिम्मेदारी लें : गिरिराज
- जेडीयू एमएलसी नंदन ने हालातों के लिए बीजेपी के विधायकों, मेयर को ठहराया था जिम्मेदार

### नीतीश का जेडीयू अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर नामांकन पत्र दाखिल कर दिया गया है। बिहार में बाढ़, जलजमाव राहत में जुटे नीतीश की ओर से जेडीयू एमएलसी संजय गांधी ने दिल्ली में पार्टी कार्यालय में नामांकन पत्र जमा कराया। जेडीयू एमएलसी संजय गांधी ने पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी अनिल हेगड़े को नीतीश का नामांकन पत्र सौंपा। संभावना है कि नीतीश को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया जायेगा।

### पटना भ्रष्टाचार की वजह से डूबा, नीतीश के अफसर नहीं उठाते हैं फोनः रामकृपाल

भारी बारिश के बाद बिहार की राजधानी पटना की हालत पर अब बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि पटना भ्रष्टाचार की वजह से डूबा है। सीएम नीतीश कुमार के अफसर फोन नहीं उठाते हैं व कॉल बैक भी नहीं करते। यादव ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को फांसी पर लटका देना चाहिए।



उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिस हिसाब से पटना में 15 सालों में आबादी बढ़ी है, उस हिसाब के काम नहीं हुआ है। ठेकेदारी में काफी गोलमाल हुआ है। वहीं कामचलाऊ नाव पर फोटो खिंचवाने वाले वीडियो पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई इसे प्रमाणित कर दे तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

### बचाव कार्यों में उतारे एसएसबी के जवान

शुक्रवार को पटना में सुबह फिर से टीमें बचाव, राहत के लिए निकलीं। अभी तक एनडीआरफ व एसडीआरफ की टीमें लगी थीं, शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल के जवान भी बाढ़ में अब लोगों की सुरक्षा कर रहे हैं। बिहार में बारिश, बाढ़ से हुए हादसों में अब तक 73 लोगों की मौत हो गई है। बारिश के बाद राज्य के कई जिलों में जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है।




#### सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण

राजधानी पटना में जलजमाव अब भी कई मोहल्लों में लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। राजेंद्र नगर, पाटलिपुत्र, राजीव नगर समेत बाइपास के दक्षिण सहित कई मोहल्लों में अब लोग घरों में कैद हैं। संप हाउस के ठीक से काम नहीं करने से जलजमाव वाले मोहल्लों में पानी निकालना मुश्किल हो रहा है। हालांकि, कुछ मोहल्लों में पानी घटा है। काफी दिन तक पानी जमा होने से बदबू के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। जलजमाव के कारण कुछ इलाकों में डायरिया का प्रकोप दिखने लगा है।

### वक्त पड़ने पर पैर पकड़ने वाले नेता हैं गिरिराजः चौधरी

पटना। एक टीवी चैनल से बातचीत में अशोक चौधरी ने कहा कि गिरिराज सिंह के बयानों पर बीजेपी के केंद्रीय नेता संज्ञान लें। जेडीयू नेता ने कहा कि चुनाव के समय गिरिराज सिंह, नीतीश कुमार को अपने क्षेत्र में ले जाने के लिए तीन-तीन बार मिलते थे। वो उनको फोन कर साथ ले जाने की बात करते थे। आज बाढ़ की समस्या पर एक बार भी नहीं मिले। गिरिराज कभी अपने विभाग की चर्चा नहीं करते बल्कि विवादास्पद बयान देते रहते हैं। बिहार में अलायंस पार्टनर है, अपनी महात्वाकांक्षा पूरी करने के लिए ये सब कर रहे हैं। सीएम को गाली दे रहे हैं। पैर हाथ पकड़कर मंत्री बन गए हैं। पटना डूबने के लिए सरकार नहीं बल्कि नगर निगम जिम्मेदार है।

### नाव पलटने से तीन की मौत, 20 लापता

**कटिहार (बिहार)।** कटिहार जिले की महानंदा नदी में नाव पलट जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक लोग लापता हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस नाव में करीब 80 लोग सवार थे। बरसोई के पुलिस उपाधीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि घटना जगन्नाथपुर घाट के पास बिहार-बंगाल की सीमा पर बृहस्पतिवार रात करीब सवा आठ बजे हुई थी। वजीदपुर गांव के निवासी नदी के ठीक बगल में स्थित पश्चिम बंगाल के रामपुर हाट बाजार से खरीदारी कर लौट रहे थे। डीएसपी ने कहा कि पहली नजर में, यह नाव में क्षमता से ज्यादा लोगों के सवार होने का मामला लगता है। नाव में 40 यात्रियों की जगह थी लेकिन उसमें लगभग दोगुने लोग सवार थे। अब तक तीन शव बरामद हुए हैं जिनमें एक बुजुर्ग व्यक्ति, एक महिला और एक बच्चे का शव है। नाव में सवार अधिकतर लोग या तो तैर कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे या प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें बचाया। करीब दो दर्जन लोगों का पता लगाना अब भी बाकी है व इस काम के लिए पेशेवर तैराकों को लगाया गया है।

# 'दुनिया के ताकतवर नेताओं में शुमार हो गए हैं मोदी'

## नड्डा ने राज्य में 65 विस सीटें जीतने का लक्ष्य रखा

एजेंसी ⏭ हजारीबाग (झारखंड)



- मोदी की सभा में ट्रंप का शामिल होना सामान्य घटना नहीं : नड्डा
- नड्डा ने रजरप्पा के छिन्नमस्तका सिद्ध देवी पीठ में की पूजा अर्चना

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में ह्यूस्टन में पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शामिल होने से यह स्पष्ट हो गया है कि वह (मोदी) दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में हैं। नड्डा ने दावा किया कि पीएम मोदी की जबर्दस्त नेतृत्व क्षमता का लोहा अब पूरी दुनिया मानती है व पिछले पांच वर्षों में वह दुनिया के सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार हो गये हैं। नड्डा ने यहां कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पीएम की सभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न सिर्फ शिरकत की, बल्कि वहां उपस्थित भारतीय समुदाय को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी की ह्यूस्टन की सभा में दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आये, तब पूरी दुनिया में यह संदेश गया कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति मोदी के विकासपरक कार्यक्रमों का अनुसरण करते हैं। नड्डा ने भाजपा के बूथ शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि मजबूत आर्थिक नीति अपना कर भारत 2025 तक पांच खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। जम्मू कश्मीर की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा कि वहां से अनुच्छेद 370 हटा देने से अब राज्य की जनता को वह सभी अधिकार व सुविधाएं निर्बाध मिल सकेंगी जो देश के अन्य हिस्सों में लोगों को मिलती हैं। नड्डा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से पूरे देश में सिर्फ ढाई माह में लगभग छह करोड़ नये सदस्यों को जोड़ा है। अब पार्टी की सदस्य संख्या 17 करोड़ तक पहुंच गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में कम से कम 65 विस सीटें जीतने के लिए काम करने का भी आग्रह किया। नड्डा के साथ राज्य के सीएम रघुवर दास, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। इससे पूर्व नड्डा ने रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तका सिद्ध देवी पीठ में पूजा अर्चना भी की। इसी को लेकर मंदिर के आसपास की तमाम दुकानों को सुरक्षा कारणों से बंद करवा दिया गया था। इससे रजरप्पा मंदिर के आसपास के दुकानदारों में रोष और श्रद्धालुओं को न तो पूजन सामग्री मिल रही थी, न ही दूर-दराज से आये लोगों को भोजन मिल पा रहा था।

### पहली तेजस ट्रेन का गवाह बनी यूपी

**लखनऊ।** लखनऊ से दिल्ली के बीच शुरू हुई तेजस ट्रेन को शुक्रवार सुबह नौ बजकर 55 मिनट पर हरी झंडी दिखाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से नयापन आता है। तेजस नयेपन का प्रतीक है, प्लेन जैसी ट्रेन है तेजस। इसके लिए आईआरसीटीसी बधाई का पात्र है।




## राशिफल 05 अक्टूबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : आय के नए रास्ते खुलेंगे। सेहतमंद रहने के लिए एक्सरसाईज शुरू कर सकते हैं। परिवार संग घूमने जा सकते हैं। किसी के साथ यात्रा पर जाकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंकः** 8, **रंग** : गाढ़ा टरक्वॉइश।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर ब्रेक लेने से बचें। व्यापार में लाभ के योग हैं। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ खानपान की आदत डालें। नए दोस्तों के साथ समय बिताएंगे। प्रॉप्रर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंकः** 17, **रंगः** हरा।

**मिथुनः** करियर में तरक्की के लिए परफॉर्मेंस पर ध्यान दें। किसी चीज़ में निवेश करना फायदेमंद होगा। सेहत को लेकर सजग रहेंगे। परिवार में सभी की आंखों का तारा रहेंगे। **शुभ अंक** : 15, **रंगः** रॉयल ब्लू।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र पर आपके काम के परिणाम आने में समय लगेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। सेहत को लेकर व्यायाम करते रहें। विदेश जाने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** डार्क टरक्वॉइश।

**सिंहः** नौकरी की इच्छा रखने वाले नेटवर्किंग पर काम करें। आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। पढ़ाई में मदद काम आएगी। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** मरुन।

**कन्याः** करियर में तरक्की के लिए मेहनत करें। नए व्यापार को शुरू करने की सोच सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए दिनचर्या बनाकर पालन करें। पढ़ाई में मेहनत करते रहें। **शुभ अंकः** 18, **रंगः** पीच।

**तुलाः** कार्यक्षेत्र पर बिना किसी मदद के अतिरिक्त काम संभाल लेंगे। आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करते रहें। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। **शुभ अंकः** 4, **रंग** : लेवेंडर।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र पर चीज़ों को नए सिरे से करने की कोशिश करें। धन संबंधित मामलों पर सतर्क रहें। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ खानपान की आदत डालें। यात्रा के योग बन रहे हैं। **शुभ अंकः** 3, **रंग** : बेज़।

**धनुः** करियर में तरक्की के योग हैं। फिल्म लाइन से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सेहत के लिहाज़ से दिन अच्छा है। परिवारिक सदस्य की सेहत सुधरेगी। दोस्तों से मिलने विदेश जा सकते हैं। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** इंडिगो।

**मकरः** नौकरी के चलते अलग रह रहें कपल्स को एक शहर में नौकरी मिल सकती है। किसी चीज़ में किया गया निवेश लाभदायक साबित होगा। सेहत के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** गोल्ड ब्राउन।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर काम की प्रशंसा होगी। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। परिवार में समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक** : 5, **रंगः** फोरेस्ट ग्रीन।

**मीनः** काम पर आने जाने की समस्या खत्म होगा। बिचौलिये और कमीशन पर काम करने वाले लोगों को लाभ होगा। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। **शुभ अंक** : 2, **रंग** : लेमन।

**:टिप्स:**

1. कई कार्यालय में कुछ ऐसे सामान रखे होते हैं जो ऊर्जा को तोड़ने का कारण बनते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए आप या तो उस दृश्य के सामने पौधा लगा दें या फिर क्रिस्टल टांग दें।
2. पुराने चीन के सिक्के धन के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन्हें आप ताबीज के रूप में पहन सकते हैं या अपने घर में फैला सकते हैं। फेंगशुई के अनुसार यह धनागमन के प्रभाव को बढ़ा देगा।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# कांग्रेस ने अदिति से विस के विशेष सत्र में शामिल होने पर मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ लखनऊ

कांग्रेस ने रायबरेली से अपनी विधायक अदिति सिंह के विधानसभा के 36 घंटे लगातार चले विशेष सत्र में शामिल होने पर सख्त कदम उठाते हुए शुक्रवार को उन्हें नोटिस जारी किया, दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। कांग्रेस विधायक दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने कारण बताओ नोटिस में कहा कि पार्टी ने दो दिन के विशेष सत्र का बहिष्कार करने का फैसला किया था व इस संबंध में 'व्हिप' भी जारी किया था पर अदिति ने पार्टी के निर्देश की अवहेलना की। लल्लू ने अदिति से कहा कि उनका सत्र में शामिल होना अनुशासनहीनता, पार्टी विरोधी गतिविधि है। साथ ही, अदिति से दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। कांग्रेस विधायक गांधी जयंती के मौके पर पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहीं। अदिति के पार्टी लाइन से ऊपर उठकर विशेष सत्र में शामिल होने से सदन में उस समय मौजूद रहे विधायक आश्चर्यचकित हो गये थे। अदिति ने सदन में अपनी बात रखने के बाद कहा था कि उन्होंने केवल विकास व सतत विकास के लक्ष्य के बारे में अपने विचार रखे हैं।



- लगा पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप, दो दिन में देना है जवाब

### रायबरेली में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

उधर, रायबरेली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की शाम अदिति के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि अदिति पार्टी से इस्तीफा दें। कार्यकर्ता अदिति के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे।

### 'मांग पर मिली है वाई प्लस सुरक्षा'

इस बीच, विशेष सत्र में शामिल होने के एक ही दिन बाद अदिति को 'वाई प्लस' सुरक्षा मुहैया कराई गई है। रायबरेली के एसपी स्वप्निल मामगई ने बताया कि सुरक्षा मुहैया कराये जाने के उद्देश्य के लिए बनी जिला समिति की सिफारिश पर विधायक अदिति सिंह को वाई प्लस सुरक्षा दी गई है। अदिति ने अपने काफिले पर 14 मई को हुए हमले के बाद पर्याप्त सुरक्षा की मांग की थी।

## सतत विकास लक्ष्यों पर हुई चर्चाः योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के विशेष सत्र के तहत समवेत सदन के समापन संबोधन में कहा कि पिछले 36 घंटों में सतत विकास के लक्ष्यों से संबंधित ज्वलन्त मुद्दों पर अनवरत चर्चा हुई व यह देश के लोकतंत्र की अद्भुत घटना है। योगी ने दो अक्टूर को 150वीं गांधी जयंती पर शुरू हुए सत्र के समापन पर कहा कि विशेष सत्र में दोनों सदनों में सदस्यों ने अपने विचार रखे। विस में 149 व विधान परिषद में 67 सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। शिवपाल सिंह यादव, अदिति सिंह सहित विपक्षी नेताओं ने भी सदन की कार्यवाही में भाग लिया व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दर्शायी। सीएम ने कहा कि आज जनप्रतिनिधियों के सामने समाज में विश्वास का संकट है। ऐसे वातावरण में 36 घंटे तक सतत विकास लक्ष्यों पर अनवरत चर्चा करना एक अद्भुत घटना है, जिसे मीडिया ने भी हाथों-हाथ लिया। लोकतंत्र संवाद से चलता है। इसे बाधित करने पर अराजकता की स्थिति बनती है। शासन की विभिन्न शैलियों में लोकतंत्र सबसे लोकप्रिय और स्वीकार्य है। चर्चा के दौरान दोनों सदनों में सदस्यों ने खुलकर बातें रखीं, इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। विचारों को संकलित कर इनका दस्तावेजीकरण किया जाए, ताकि लोगों को इसके माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों पर सदन के अन्दर की गई चर्चा की जानकारी मिल सके। सीएम ने कहा कि भगवान बुद्ध का कथन है कि दुनिया में दुःख है तो उसका कारण भी है और निवारण भी।

## सुधांशु ने रास उपचुनाव के लिए किया नामांकन

**लखनऊ।** भाजपा प्रत्याशी सुधांशु त्रिवेदी ने यूपी से राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। विस के विशेष सचिव बी बी दुबे ने बताया कि त्रिवेदी ने नामांकन पत्र के तीन सेट दाखिल किये। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री व भाजपा के कई नेता मौजूद थे। नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि नौ अक्टूबर है। यह सीट पूर्व वित्त मंत्री अरूण जेटली के निधन के बाद रिक्त हुई थी। यूपी विस में भाजपा के प्रचंड बहुमत को देखते हुए पार्टी प्रवक्ता त्रिवेदी का जीतना लगभग तय माना जा रहा है।

### बिहारः सतीश चंद्र दुबे ने भरा पर्चा

**पटना।** बिहार से राज्यसभा सीट के लिए भाजपा की ओर से सतीश चंद्र दुबे ने नामांकन किया। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के निर्देश पर पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संजय मयूख ने दुबे की उम्मीदवारी की गुरुवार को घोषणा की थी।



## चिन्मयानंद प्रकरणः आवाज के नमूने लेने की अर्जी पर आज फैसला



**शाहजहांपुर।** स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में वायरल वीडियो मामले में चिन्मयानंद सहित पांचों आरोपियों की आवाज के नमूने लेने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा अदालत में दायर की गई रिट पर शनिवार को फैसला आएगा। चिन्मयानंद के वकील ओम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एसआईटी ने गुरुवार को सीजेएम ओमवीर सिंह की अदालत में चिन्मयानंद, यौन शोषण का आरोप लगाने वाली लड़की, रंगदारी मांगने के आरोपी संजय, विक्रम व सचिन की आवाज के नमूने लेने के लिए अर्जी दाखिल की थी। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए शनिवार को आदेश सुनाने का तिथि मुकर्रर की है। उल्लेखनीय है कि चिन्मयानंद मामले में वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कथित तौर पर लड़की, उसके साथी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी के संबंध में आपस में बातचीत करते दिखते हैं। वीडियो की सत्यता को परखने के लिए एसआईटी ने आरोपियों की आवाज के नमूने लेने के लिए अर्जी दी थी।

### आखिरी जंग लड़ रहे नक्सलीः दास

**रांची।** झारखंड के सीएम रघुवर दास ने कहा कि राज्य में नक्सली आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं, उन पर सरकार कोई नरमी नहीं बरतेगी। सीएम ने शुक्रवार को जिले में दशम झरने के निकट डोकापीढ़ी गांव में माओवादियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के दो जवानों की शहादत पर शोक प्रकट करते हुए कही। दूसरी ओर झारखंड जगुआर के जवान अखिलेश राम के शहीद होने की खबर पर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।



## पूर्व सभासद पर लगा रेप का आरोप

- पीड़िता का आरोप, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया

**देवबंद (यूपी)।** लड़की ने पूर्व सभासद पर उसके भाई की हत्या की धमकी देकर चाकू की नोक पर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसका मेडकिल जांच कर केस दर्ज कर लिया है। घटना यूपी के देवबंद की है। 18 साल की लड़की ने पूर्व सभासद आरिफ पर धोखे से उसे बुलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि पहले हमारे घर आरिफ गुब्बारा आया। हम घरों में काम करते हैं। आरफि ने बोला कि मेरी बीवी की तबीयत खराब रहती है। हमें काम वाली की जरूरत है। जैसे ही वह मुझे अपने घर काम दिखाने ले गया तो मैं उसके साथ चली गई। मैंने उसके घर जाकर देखा तो उसके घर में कोई नहीं था। उसने कहा बैठ जाओ। उसने मुझे पानी पिलाया, उसने मुझे पैसे दिए। पैसे देकर वह गलत काम करने लगा पर मैंने मना कर दिया। उसके बाद उसने चाकू निकाला व मेरी गर्दन पर रखते हुए कहा कि भागने की कोशशि की तो तुझे जान से मार दूंगा। उसके बाद एक लड़का आया।

# मथुरा में खुला यूपी का पहला बिजली थाना, पहले दिन 8 मामले दर्ज

**मथुरा (उप्र)।** मथुरा जिले में यूपी का पहला बिजली थाना स्थापित किया गया व पहले ही दिन थाने में आठ नए मामले दर्ज हुए।

मथुरा के ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता विनोद गंगवार ने कहा कि कृष्णानगर के बिजलीघर परिसर में गुरुवार को चार कमरों में स्थापित किए गए थाने में पांच उप निरीक्षक, नौ हैड कांस्टेबल, नौ कांस्टेबल, चार मुंशी-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति हो गई है। ये निरीक्षक रणवीर सिंह के अंतर्गत कार्य करेंगे। राज्य सरकार एवं विद्युत विभाग इस मामले में पिछले दो साल से कवायद कर रहा था, लेकिन कहीं आवश्यकतानुसार जमीन नहीं मिल पा रही थी तो कहीं पुलिस बल नहीं मिल पाता था। अब यह सब दिक्कतें दूर किए जाने के बाद गुरुवार को बिजली थाने की शुरुआत हो गई व नवादा के अवर अभियंता शैलेंद्र अग्रवाल ने अपने इलाके के आठ उपभोक्ताओं के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराए। गंगवार ने कहा कि विशेष थाने खुलने से विभागीय अधिकारियों के समक्ष उस प्रकार की स्थिति पैदा होने की संभावना कम होगी, जैसी विशेष अदालत में सुनवाई के दौरान उस समय पेश आईं थी, जब पुलिस के जांच अधिकारी ने मामले गलत बता दिए थे। उनका कहना था कि जब विशेष थाने का स्टाफ बिजली अधिकारियों के साथ मौजूद रहकर स्वयं तथ्य जुटाएगा, तब चूक की गुंजाइश नहीं रहेगी। अब पूरे जनपद के बिजली चोरी संबंधी सभी मामले यहीं दर्ज कराए जाएंगे व उनकी विवेचना का कार्य भी इसी थाने के उप निरीक्षक करेंगे।

विद्युत अधिकारियों को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एक से दूसरे थाने की ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप



### चाय बागान मजदूरों की 12 घंटे की हड़ताल

कोलकाता। त्यौहार से पहले ऊंचे बोनस की मांग को लेकर दार्जिलिंग के 87 चाय बागानों के मजदूर शुक्रवार को 12 घंटे की हड़ताल कर रहे हैं। हिमालयन प्लांटेशन वर्कर्स यूनियन (एचपीडब्ल्यूयू) और दार्जिलिंग, तराई, दुआर्स प्लांटेशन लेबर यूनियन (डीटीडीपीएलयू) से संबंध सात श्रमिक संगठन हड़ताल पर है। प्रबंधन ने उन्हें 12 प्रतिशत बोनस देने का प्रस्ताव रखा है लेकिन श्रमिक 20 प्रतिशत बोनस देने की मांग कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि हड़ताल से चाय की पत्तियां चुनने का काम प्रभावित हुआ है। यह हड़ताल सुबह चार बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगी। दार्जिलिंग इंडियन टी एसोसिएशन (डीआईटीए) के सचिव मोहन क्षेत्री ने कहा कि श्रमिक संगठन 20 प्रतिशत बोनस की मांग कर रहे हैं। हालांकि हमें 12 प्रतिशत बोनस देने का प्रस्ताव दिया गया है।

### कार नहर में गिरी, परिवार के चार सदस्यों की मौत

जयपुर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई जिससे उसमें सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पिता, उनकी दो बेटियां और एक पुत्र शामिल है। थानाधिकारी इंदर कुमार ने बताया कि सादुल ब्रांच के नाथवाना पुल पर एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की मौत हो गई। जबकि मां-बेटी कार का एक खुला शीशा तोड़कर बाहर आ गये। उन्होंने बताया कि हरियाणा के निंबी महेंद्रगढ़ के रहने वाले राकेश (40) अपनी पत्नी कमलेश (35), तीन बेटियां कालो (15), वंदना (12) और कोमल (17) तथा बेटा कुणाल (14) के साथ संगरिया घूमने आये थे।

### लड़के की बहादुरी से बदमाश पहुंचा सलाखों के पीछे

नई दिल्ली। गांधीनगर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने 17 वर्षीय एक लड़के का मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गए। लड़के ने बदमाशों का पीछा करना शुरू किया तो बदमाश अपनी बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। लड़का पुलिस को लेकर बदमाशों की बाइक के पास पहुंचा। इसी बीच उसने देखा कि एक बदमाश वहां टहल रहा था। उसने तुरंत उसे दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम कूमेल अब्बास है। आरोपी ब्रह्मपुरी, सीलमपुर का रहने वाला है। पुलिस ने लड़के की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर अन्य दोनों बदमाशों का पता लगा रही है। जानकारी के मुताबिक, विवेक (बदला हुआ नाम) कैलाश नगर, गांधीनगर में सपरिवार रहता है। वह इलाके के सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है।

### अभी और हो सकती है राजधानी में बारिश

# बारिश ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली




दिल्ली में गुरूवार को हुई भारी बारिश ने दिल्ली में गत 10 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। दिल्ली के सफदरजंग क्षेत्र में 47 मिमी. की भारी बारिश दर्ज की गई है। पालम में भी गुरुवार सुबह 8:30 बजे से 24 घंटे के अंतराल में 30 मिमी. की अच्छी बारिश दर्ज हुई है। बारिश के इस दौर के साथ, दिल्ली में अक्टूबर महीने में होने वाली औसत 14.3 मिमी बारिश को पार करते हुए तीन गुना ज्यादा बरसात दर्ज करवाई जो गत 10 साल में सबसे ज्यादा रही। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट के अनुसार दिल्ली में कल हुई कुल बारिश का आंकड़ा 47 मिमी. रहा। बारिश के अलावा कई क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि भी देखने को मिली। कंपनी का कहना है कि अभी आगे भी बारिश होने की उम्मीद बनी हुई है। इस बारिश ने एक अच्छा काम किया, की तापमान को 13.2 डिग्री से कम कर दिया। तापमान शाम 5:30 बजे से 34.8 से गिर कर शाम 8:30 बजे महज 21.6 पर आ गया। स्काईमेट के मुताबिक पंजाब और हरियाणा के ऊपर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र कमजोर हो गया है, जिससे बारिश की तीव्रता कम होगी। उम्मीद है कि 7 या 8 अक्टूबर को, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौसम साफ रहेगा और तापमान बढ़ने की उम्मीद हैं हालाँकि, पंजाब और हरियाणा पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बन रहा है और साथ ही दिल्ली के पश्चिम उत्तर प्रदेश तक एक ट्रफ रेखा भी फेली हुई है। पिछले दो दिनों से बंगाल की खाड़ी से बह रही लगातार हवाओं के चलते दिल्ली में तापमान और आर्द्रता का स्तर बढ़ रहा था।

## हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची घोषित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

■ प्रधानमंत्री मोदी व शाह सहित 34 नेता करेंगे प्रचार

हरियाणा चुनाव में तैयारियों के लिहाजा से अन्य दलों पर बढ़त बना चुकी भाजपा ने अपने मिशन 75 प्लस को हासिल करने के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 34 नेताओं को शामिल किया गया है। केंद्रीय कार्यालय से जारी सूची में नरेंद्र मोदी के अलावा जिन अन्य लोगों के नाम शामिल हैं,उसमें पार्टी अध्यक्ष व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा,रक्षामंत्री राजनाथ सिंह,संगठन महासचिव बीएल संतोष,अन्य केंद्रीय मंत्रियों में नीतिन गडकरी,थावर चंद गहलोत,पीयूष गोयल,स्मृति ईरानी,अनुराग ठाकुर,गजेंद्र सिंह शेखावत,राव इंद्रजीत सिंह कृष्णपाल गुर्जर,राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा के प्रभारी अनिल जैन, महासचिव भूपेंद्र यादव के अलावा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उत्तरप्रदेश के ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर,हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष सुभाष बराला,सुरेश भट्ट,उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत,पूर्व केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन व सांसद हंसराज हंस के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह,रतनलाल कटारिया,रामविलास शर्मा, संजय भाटिया, सुनीता दुग्गल,सत्यपाल सिंह,सन्नी देओल,हेमामालिनी व सतपाल महाराज का नाम भी इस सूची में शामिल है। ये सभी नेता हरियाणा में भाजपा के पक्ष में प्रचार कर अधिकृत उम्मीदवारों के लिए टिकट मांगेगे।




नई दिल्ली। कला कॉन्सुलट के तत्वावधान में हौजखास में 16 अक्टूबर तक चलने वाली प्रदर्शनी 'फादर ऑफ़ द नेशन' में गांधी जी को कई चित्रों में बेहतरीन ढंग से उकेरा गया है। अनूप चंद, बानो मोहंती, बमन बिहारी दास, धर्मेंद्र राठौर, धीरज यादव, गोपाल सामंत्रे, गुरमीत मारवाह, कालीचंद गुप्ता, कृष्णेंदु पोरेल, नरेन सेनगुप्ता, नूपुर कुंडू, प्रतुल दास, रश्मि दास, संजय भट्टाचार्य, संजय दास, शम्पा सिरकार दास, सिराज सक्सेना, सुदीप रॉय, सुमन सेनगुप्ता, उमाशंकर पाठक, वसीम कपूर के चित्रों को खूब सराहा जा रहा है।

## पूर्व सांसदों के आवास में जमे कहीं नौकर तो कहीं नौकरशाह

■ लगभग 50 पूर्व सांसदों ने अभी भी सरकारी आवास खाली नहीं किए हैं

नई दिल्ली। सख्त कानून लागू होने के बावजूद लगभग 50 पूर्व सांसदों ने अभी भी लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी आवास खाली नहीं किए हैं। पूर्व सांसदों से सरकारी बंगले खाली कराने के लिए आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से शुरू की गयी कार्रवाई के दौरान पता चला है कि इन बंगलों में कहीं नौकर तो कहीं नौकरशाह जमे हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पिछले सप्ताह तक सरकारी बंगला खाली नहीं करने वाले 50 पूर्व सांसदों को मंत्रालय के संपदा विभाग ने 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। इनमें से महज चार पूर्व सांसदों ने इस सप्ताह बंगले खाली किए हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय ने सख्त प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत 230 पूर्व सांसदों के सरकारी बंगले खाली कराने की कार्रवाई शुरू की थी।

## कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में से सिद्धू गायब



■ इस लिस्ट में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे सीनियर नेताओं का नाम शामिल है

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने राज्य के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम शामिल है। दिलचस्प है कि हरियाणा की तरह ही यहां के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में नवजोत सिंह सिद्धू का नाम शामिल नहीं है। वहीं ग्लैमरस चेहरों में शत्रुघ्न सिन्हा और नगमा का नाम शामिल हैं। इसके अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे, गुलाम नबी आजाद, बालासाहेब थोराट, सुशील कुमार शिंदे, अशोक चव्हाण, पृथ्वी राज चव्हाण, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के सीएम कमल नाथ, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, मुकुल वासनिक, अविनाश पांडे, राजीव सातव, रजनी पाटिल, राजस्थान के डिप्टी सीएम सचिन पायलट, विजय वेदेत्तिवार, मधुकर भावे, नाना पटोले, आरसी कुंतिया, नितिन राउत, मानिकराव ठाकरे, एकनाथ गायकवाड़, सचिन सावंत, हुसैन दलवई, नसीम खान, बसवराज पाटिल, यशोमति ठाकुर, विश्वजीत कदम, अमर राजूरकर, सुष्मिता देव, कुमार केतकर, चारुलता टोकस, उदित राज और नसीम जावेद का नाम शामिल है।

### भ्रष्टाचार की शिकायतों के डर से फैसले लेने से नहीं हिचकिचाउंगाः सिंह



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र को रक्षा क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिये आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार की शिकायतों के डर की वजह से फैसले लेने से नहीं हिचकिचाएंगे। सिंह ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार निजी रक्षा क्षेत्र की उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने और भारतीय रक्षा क्षेत्र का आकार 2025 तक 26 अरब अमेरिकी डॉलर करने की उनकी योजना में आने वाली दिक्कतों को दूर करने को लेकर चर्चा के लिये तैयार हैं।

## सड़क हादसे में मारे गए एएसआई के परिवार को 96 लाख का मुआवजा


एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने आदेश दिया है कि सड़क हादसे में मारे गए दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की पत्नी तथा पांच बच्चों को 96 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए। न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी एस एस मल्होत्रा ने अपने आदेश में कहा कि मामचंद तोमर के परिवार को 96.16 लाख रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए। दुर्घटना के समय तोमर दिल्ली पुलिस में एएसआई थे। हादसा छह अप्रैल 2018 को तब हुआ जब तोमर अपनी कार में सवार होकर दिल्ली से गाजियाबाद जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। अगले दिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने अदालत को बताया कि डंपर तेज रफ्तार में था और उसे लापरवाहीपूर्ण ढंग से चलाया जा रहा था। अदालत ने कहा कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे पता चले कि तोमर की कोई गलती थी। इसने कहा कि इसलिए याचिकाकर्ताओं (तोमर के परिवार) के पक्ष में और प्रतिवादियों के विरुद्ध फैसला सुनाया जाता है।

### गायब लड़कियों को उनके परिजनों से मिलवाया

नई दिल्ली। पीसीआर पुलिसकर्मियों ने ब्रिटानिया चौक से गायब हुई दो लड़कियों को बरामद कर उनके परिवार को सकुशल सौंप दिया। पीसीआर डीसीपी एस के सिन्हा ने बताया कि गत दो अक्तूबर दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि ब्रिटानिया चौक से दो लड़कियां गयाब हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़कियों में एक उनकी 13 साल की बेटी और आठ साल की पोती है। पुलिस ने तुरंत लड़कियों की तलाश शुरू कर दी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों लड़कियों को शकूरपुर रेलवे लाइन से बरामद कर लिया। बाद में उन्हें उनके परिवार के हवाले कर दिया गया।

शीघ्रपतन
स्त्री के सामने लज्जित होना
बचपन की गलतियां



जोश आने पर वीर्य (राल) का निकलना, निराश न हो, खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करें मनचाही इन्द्री वृद्धि, मनचाही यौन क्षमता, तुष्टि–पुष्टि संतुष्टि के लिए अभी फोन करें या आज ही मिलें।
स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना
काज़ीज़ादा, अमरोहा
9027281900
9997161320

**SHREYANS FINLEASE PRIVATE LIMITED**
RegOfc: 16A, 2nd Floor, Najafgarh Road, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-110015

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the company **M/s Shreyans Finlease Private Limited** (CIN:-U65910DL1996PTC278349) having its registered office at 16A, 2nd Floor, Najafgarh Road, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-110015 has lost its original NBFC Certificate of Registration No. **B-14.02315 dated March 16, 2001** issued by the Reserve Bank of India and is not traceable , We have also lodged a General Diary with the local Police Station vide application Number **SO No 430/2014 Delhi Police, LR No 1681906/2019 dt 04.10.2019.** All are hereby informed that they should not to misuse the certificate if found in original or duplicate and any person/s who finds the certificate , is requested to return the same at the Registered office of the company or to the concerned Regional office of the Department of Non-Banking Supervision, Reserve Bank of India, New Delhi.

**Issued by**
**Shreyans Finlease Private Limited**
**Sd/-**
**Satyawan Saharan**
**Director**
**DIN:-05112567**

# बदमाशों ने चालाकी से बदला महिला का एटीएम कार्ड, ऑन लाइन शॉपिंग कर निकाले 53 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ ट्रांजेक्शन पूरी न होने का बहाना बनाकर बनाया शिकार




मानसरोवर पार्क थाना इलाके में दो बदमाशों ने चालाकी से एक महिला से उसका डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में बदमाशों ने डेबिट कार्ड से 53 हजार रुपये की ऑन लाइन शॉपिंग कर डाली। महिला को जब इसके बारे में पता चला तो उसने इसकी शिकायत थाने में दी। पुलिस ने प्रीति (32) की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रीति, गली नंबर-एक, चंद्रलोक में सपरिवार रहती हैं। उनका एक्सिस बैंक में खाता है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 9:35 बजे वह मंडोली रोड स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ से पैसे निकालने पहुंची। इस दौरान उन्होंने तीन बार में 25 हजार रुपये निकाले। रुपये निकालने के बाद महिला वहीं साइड में खड़े होकर रुपये गिनने लगी। इसी बीच एक युवक उनके पास आया और बोला कि आपने ट्रांजैक्शन पूरा नहीं किया है। तभी दूसरा युवक भी बोलने लगा कि इनकी वजह से दूसरे लोगों को दिक्कत होती है। युवक ने महिला से कहा कि पहले अपना ट्रांजैक्शन पूरा करें। इस पर प्रीति ने अपना कार्ड एटीएम बूथ में लगाकर प्रक्रिया पूरी की। इसी दौरान उन्होंने चालाकी से उनका कार्ड बदल लिया। इसके बाद प्रीति घर जाने लगी। तभी उनके मोबाइल पर 46,389 रुपये कटने का एसएमएस आ गया। जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक 7493 रुपये खाते से कटने का दूसरा एसएमएस आ गया। उन्होंने तुरंत बैंक में फोन कर अपने कार्ड को ब्लॉक करवाया। जब उन्होंने डेबिट कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। बाद में उन्होंने शिकायत थाने में दी।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **मुकेश, पुत्र** श्री पाल, **निवासी:** सी–226, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली है, जो कि दिनांक 05.09.2019 से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 26 वर्ष, **कद:** 5'4'', **रंग:** गेंहुआ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, जिसने सफेद कमीज और पैंट पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 28–ए, दिनांक 08.09.2019 को थाना मॉडल टॉउन, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना मॉडल टॉउन, दिल्ली**
**फोन: 011-27456072**
**DP/9402/NW/19**

# सरगुजा के शिवप्रसाद नगर स्टेशन का टिकट काउंटर 36 साल से ठेकेदार चला रहा, छत्तीसगढ़ के ऐसे सात स्टेशन भी निजी हाथों में

नितिश साहू ▶▶ शिवप्रसाद नगर
(अंबिकापुर)

सुनने में अजीब पर सच। सरगुजा का शिवप्रसाद नगर रेलवे स्टेशन का टिकट काउंटर 36 सालों से एक निजी ठेकेदार चला रहा है। छत्तीसगढ़ में ऐसे ही सात रेलवे स्टेशन हैं जहां एकमात्र टिकट काउंटर है और वह भी ठेके पर। यहां ठेकेदार बीमार पड़ जाए या किसी कारण काउंटर न खोल पाए तो मुसाफिर यात्रा रद्द कर देते हैं या बिना टिकट सफर करते हैं। सरगुजा संभाग में ऐसे दो हाल्ट स्टेशन हैं, शिवप्रसाद नगर और कोरिया जिले के नागपुर के टिकट काउंटर दशकों से ठेके पर हैं।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ में धुर्वातीन, कापल, कोटमी सोनार, जेठा व तेरागांव रेलवे स्टेशन का टिकट काउंटर भी दशकों से ठेके पर ही चल रहा है। 1983 में शिवप्रसाद नगर रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आया। अविभाजित मध्य प्रदेश सरकार के तत्कालीन राज्यमंत्री व कद्दावर नेता शिवप्रसाद सिंह ने अपने गृहग्राम में रेलवे स्टेशन स्थापित करने के लिए सालों तक कोशिश की तो रेल मंत्रालय ने मंजूरी दी।

### मात्र एक मिनट रुकती है ट्रेन

स्टेशन पर जबलपुर एक्सप्रेस को छोड़कर मार्ग से गुजरने वाली अम्बिकापुर-दुर्ग एवं अम्बिकापुर-शहडोल ट्रेन का स्टापेज निर्धारित है लेकिन मात्र एक मिनट का स्टापेज होने के कारण भी यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण लोग ट्रेनों से अपना सामान फेंकने लगते हैं। स्टेशन में अभी तक विद्युत की व्यवस्था नहीं है जिससे शाम ढलते ही यह अंधेरे में डूब जाता है। सभी ट्रेनें रात में पहुंचती हैं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होती है। अंधेरे में गिरते-पड़ते लोग बाहर निकलते हैं।

**प्लेटफार्म में लाइट नहीं और रात में ही रुकती हैं ट्रेनें, काउंटर बंद तो यात्रा नहीं करते मुसाफिर**

### ठेकेदार की मौत हुई तो दो महीने बंद रहा काउंटर

दिसम्बर 2018 में ठेकेदार के निधन होने के कारण दो महीने तक स्टेशन का रेलवे काउंटर बंद रहा। मार्च में रेलवे ने ग्राम भंवराही निवासी एनुल हक अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी। ठेकेदार एनुल हक अंसारी ने बताया कि स्टेशन से रोजाना तीन हजार रूपए के टिकटों की बिक्री होती है जबकि त्यौहारों के दौरान यह चार हजार रुपए से अधिक हो जाती है। अंसारी ने बताया कि स्टेशन पर अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस और अम्बिकापुर-शहडोल मेमू का स्टापेज है। रोज 80 से अधिक यात्री रायपुर, बिलासपुर और अनूपपुर तक सफर करते हैं। अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस का स्टापेज नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती है।

### रायपुर मंडल में भी एजेंट

रायपुर। रायपुर रेल मंडल के सरोना, उरकुरा, मंदिरहसौद, सिलियारी, निपनिया, कुसुमकसा, लाटाबोर, अभनपुर, रिसामा स्टेशन रायपुर, दगोरी, मरोदा, मांढर, भिलाई स्टेशनों पर एजेंटों के माध्यम से टिकट काउंटर संचालित किया जा रहा है। रेलवे ने इन स्टेशनों पर लोकल रेल यात्रियों को जनरल टिकट उपलब्ध कराने एजेंटों को जिम्मेदारी सौंप रखी है। इनमें से कई जगह मनमानी की शिकायतें आम हैं।

### जल्द होगा निराकरण

रेलवे बोर्ड की बैठक में रेल समस्याओं को उठाया है। बोर्ड को प्रस्ताव दिया गया है जिसे बोर्ड ने रेल मंत्रालय को भेजा है। जल्द ही शिवप्रसादनगर स्टेशन की समस्याएं हल हो जाएंगी।

- **श्रीमती रेणुका सिंह**, सांसद, सरगुजा

### अधिकारियों को बताएंगे

रेलवे केटेगरी के हिसाब से सुविधाओं का निर्धारण करती है। हैण्डपंप खराब होने की बात अधिकारियों को बताएंगे। - **अम्बिकेश साहू**
जनसंपर्क अधिकारी, बिलासपुर जोन

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम** : मालूम नहीं पुत्र मालूम नहीं, **निवास** : मालूम नहीं, **उम्र** : 55 वर्ष, **कद** : 5' 6", **रंग** : सांवला, **पहनावा** : नीले रंग की टी–शर्ट और काले रंग की लोअर पहने है जो फ्लाईओवर के नीचे, नजदीक करमपुरा बस स्टैंड, मोती नगर, दिल्ली में मृत पाया गया था। इस बाबत **DD No. 19-A दिनांक 13.09.2019 थाना मोती नगर, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
**थाना : मोती नगर, दिल्ली**
**फोन : 011-25101150**
**DP/8445/WD/19**

## चिंतन

# कूटनीति मोर्चे पर भारत और मुखर

भारत कूटनीतिक मोर्चे पर मुखरता से अपनी बात दुनिया के सामने रख रहा है। संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से वैश्विक मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोणों को रखा। पर्यावरण की रक्षा, सौर समेत वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा, संयुक्त राष्ट्र में सुधार, वैश्विक संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर चीन जैसे देशों की मनमानी, संरक्षणवाद के खतरे, आतंकवाद आदि मुददों पर पीएम ने भारत के विचार और भारत की भूमिका से विश्व को अवगत कराया। यूएन सम्मेलन के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका में ही रुककर अलग-अलग वैश्विक मंचों पर भारतीय पक्ष को रख रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच पर विदेश मंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था के उजले पक्ष को रखा है। विदेश मंत्री ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के झूठ को भी दुनिया के सामने उजागर किया। विदेश मंत्री ने चीन के बीआरआई (बोर्डर रोड इनिशिएटिव) प्रोजेक्ट पर भी भारत के रुख पर कायम रहने की बात दोहराई। भारत पहले ही मना कर चुका है कि अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए वह बीआरई का हिस्सा नहीं बनेगा। पहले पीएम और बाद में विदेश मंत्री ने चीन को दक्षिण चीन सागर समेत अन्य विस्तारवादी नीतियों के लिए आईना दिखाया। आतंकवाद पर भी चीन को दोहरा मानदंड नहीं अपनाने की नसीहत भारत ने दी। पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन करने का आरोप भारत पर लगाता रहा है, 370 के बाद वह अधिक बौखलाया हुआ है, जबकि भारत ने वैश्विक मंचों पर, द्विपक्षीय मंचों पर और संयुक्त राष्ट्र में दो टूक कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद-370 में बदलाव भारत का आंतरिक मामला है, इसमें विश्व को दखल देने की आवश्यकता नहीं है, जहां तक कश्मीर में मानवाधिकार की बात है तो पाक के आरोप बेबुनियाद हैं, अनुच्छेद 370 के बाद से कश्मीर में शांति है, एक भी गोली नहीं चली है, उल्टे पाक सीमा पर सीजफायर उल्लंघन कर रहा है और आतंकियों को उकसा रहा है। भारत के पक्ष को अमेरिका, यूरोप, खाड़ी व पश्चिम एशिया के मुस्लिम देशों ने भी माना। दुनिया समझ चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पालता-पोसता है। पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान अमेरिकी यात्रा पर और उसके बाद यूएन सम्मेलन के दौरान खुद स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान में 40 हजार से अधिक आतंकी हैं, पाक फौज व आईएसआई ने आतंकियों को प्रशिक्षण दिया है। इमरान ने यह भी कहा था कि अमेरिका की मदद से उसने अपने यहां आतंकी को पाला-पोसा।

भारत ने भी यूएन में अपने जवाब के दौरान उजागर किया कि पाक में हाफिज सईद, मसूद अजहर जैसे 120 से अधिक आतंकी ग्लोबल टेररिस्ट घोषित है और 32 से अधिक आंतवादी गुट सक्रिय है। संयुक्त अरब अमीरात व सऊदी अरब ने पाक से कहा कि पीएम मोदी के लिए अपशब्द का इस्तेमान नहीं करें। कश्मीर पर यूएन में केवल चीन, तुर्की व मलयेशिया ने पाक के रुख का समर्थन किया। चीन को उइगर प्रांत समेत आतंकवाद पर दोहरी नीति के लिए आई दिखाने के बाद अब भारत ने मलयेशिया व तुर्की को जवाब दिया है कि वे भारत के आंतरिक मामले में दखल नहीं दें। दोनों देशों से भारत के पुराने संबंधों का हवाला देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने तुर्की व मलयेशिया से अनावश्यक बयानबाजी से बचने को कहा है। पाक के कश्मीर प्रोपेगैंडा पर चीन, तुर्की व मलयेशिया की यूएन में रिएक्ट करना तथ्यों की अनदेखी करना है। भारत ने जवाब देकर सही कूटनीति का इस्तेमाल किया है। यूएन सम्मेलन से लेकर अब तक भारत ने विश्व को जता दिया है कि वह विश्व में शांति, सहयोग और सबका विकास चाहता है। सबसे बड़े लोकतंत्र के नाते यूएन में भारत को अपना हक चाहिए, इसके लिए यूएन अधिक दिनों तक भारत की अनदेखी नहीं कर सकता है।

## व्यंग्य
आलोक पुराणिक

# कर्फ्यू में गधे

पाकिस्तान के हुक्मरान दिल ही दिल में भारत को धन्यवाद बोल रहे होंगे, कश्मीर से धारा 370 में बदलाव का मसला इतना उछल गया है कि पाकिस्तान में बाकी समस्याओं के बारे में जनता पूछ ही नहीं रही है। अमेरिकन डालर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया लगातार पिट रहा है। सब्जियों, रोटियों के भाव आसमान छू रहे हैं। पुराने कर्ज पर ब्याज देने तक के लिए कर्ज की जरुरत है। ये सारी बदहाली है और पाकिस्तान को कश्मीर के 70 लाख लोगों की चिंता है, पूरे पाकिस्तान की करीब बीस करोड़ की आबादी त्राहि-त्राहि कर रही है, उस पर इमरान खान चिंतित नहीं हो रहे हैं। उनकी चिंता कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने के लिए है।

पाकिस्तान की हालत पुराने तबाह टाइप नवाबों की सी ही है, अंटी में आटे की रकम नहीं है पर शौक है एटम बम का है। पाकिस्तान के पास एक बम है जो उसे हर समस्या का इलाज दिखाई पड़ता है। कराची में नालियां ओवरफ्लो कर रही हैं-क्या किया जा सकता है, जी एटम बम है। पाकिस्तान में तमाम शहरों में बच्चे डेंगू से मर रहे हैं। क्या किया जा सकता है, जी एटम बम है। भूख है, अशिक्षा है। पाक के हुक्मरान क्या कर सकते हैं, जी एटम बम है। पाकिस्तान के पास एटम बम है, यह हर समस्या का इलाज है। कुछ भी हो जाए पाक शासन हर बात के लिए अपने एटम बम को आगे कर देते हैं। वो ही हर समस्या का समाधान है।

अभी एक जगह डिबेट डिस्कशन में यह संभावना तलाशी जा रही थी कि अगर भारत-पाक युद्ध हो जाए और भारत हार जाए तो क्या होगा। या पाकिस्तान हार जाए तो क्या होगा। एक एक्सपर्ट ने बताया कि पाकिस्तान हार गया और पाकिस्तान की जिम्मेदारी इंडिया को लेनी पड़ी तो बहुत आफत हो जाएगी। एक दम तबाह टाइप का मुल्क है। सिर्फ एटम बम हैं। पढ़ा लिखा बंदा पाकिस्तान छोड़कर चला जाता है। कम पढ़ा लिखा फौज में अफसर बन जाता है और एकदम अनपढ़ आतंकी बन जाता है। पाकिस्तान में शिक्षा का हाल यह है कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्कों ने पाकिस्तानी डाक्टरों से कहा है कि जी आपके बस की नहीं है मेडिकल प्रेक्टिस, आप दुकान बंद करें हमारे यहां। बस उनके यहां ते हर समस्या का हल क्या है-जी एटम बम है।

अभी पाक में पाक श्रीलंका का मैच हुआ, कर्फ्यू लगाकर मैच हुआ। कर्फ्यू में मैच हो रहे हैं। जो काम नहीं होने चाहिए वो हो रहे हैं। इमरान खान भारत को हमले की धमकी दे रहे हैं और पाकिस्तान आर्मी पाकिस्तान के उद्योगपतियों से पूछ रही है कि हालात सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए। एक सुझाव आया कि चीन को गधों का जो निर्यात हो रहा है, उसे बढ़ाया जाए। जवाब आया कि आतंकियों की रफ्तार के मुकाबले गधों की रफ्तार उतनी नहीं है विकास की। गधे उतने ना हो पा रहे हैं, जितने आतंकी हो रहे हैं। चीन को पाकिस्तान से आतंकी नहीं गधे चाहिए। पर देर सबेर पाकिस्तान की फितरत यही है कि जिससे रकम खाता है, उसके खिलाफ आतंकी गतिविधियां भी चलाता है। अमेरिका में बम धमाके करने वाला ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में ही बरामद हुआ था। पाकिस्तान सिर्फ गधों का निर्यात करे, तो यह स्वागत योग्य है। एक तरकीब उद्योगपतियों ने यह सुझाई कि पाकिस्तान को किराये पर दे दिया जाए चीन को।

आर्मी ने कहा, जी यह तो पहले ही हो चुका है। पाकिस्तान के महत्वपूर्ण ठिकानों पर चीनी कब्जा ही है। हाल यह है कि चीनी कारोबार के चलते अगर भारत से लड़ने से इनकार कर दें तो भी इमरान खान कहेंगे-लड़ो, लड़ो, लड़ो। पर मैं यह सोचकर डरता हूं कि पाकिस्तान भारत में मिल जाए, पाकिस्तान की जिम्मेदारी भारत पर आ जाए तो क्या क्या आफत हो जाएगी। दाऊद इब्राहीम जो अभी पाक के नागरिक हैं, फिर भारतीय हो जाएंगे। बहुत घटिया घटिया गायक पाकिस्तान में जो बहुत फेमस हैं वहां, सबके सब भारतीय मान लिए जाएंगे। ऐसे ऐसे फिल्म स्टार हैं पाकिस्तान में कि भारत में उदय चोपड़ा और कमाल आर खान और तुषार कपूर को बहुत ही शानदार मानने का मन हो आए।



पर्यावरण
डॉ. मोनिका शर्मा

# संसाधनों का ज्यादा इस्तेमाल

यह वैश्विक चिंता है कि हम संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपभोग कर रहे हैं। जीवनशैली में आए बदलावों से प्राकृतिक संसाधन ही नहीं रीते हमारी सोच और समझ भी रित गई है, जबकि सजावटी-दिखावटी सी आज की दुनिया में बुनकरों और किसानों की मेहनत की अनदेखी ही नहीं जलवायु परिवर्तन का मसला भी हमारी जीवनशैली से ही जुड़ा है। ऐसी बातों और हालात का हमारी सोच और सजगता से ही वास्ता है। जल संसाधनों की कमी की बात हो या पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की। ज़रूरतों पर इच्छाएं भारी पड़ रही हैं। यही इच्छाएं प्रकृति के लिए भी बोझ बन गई हैं।

बीते दिनों अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक साधारण सी सूती साड़ी पहनकर सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई। यह सहज सी तस्वीर वायरल होने पर कंगना ने कहा कि जरूरत से ज्यादा संसाधनों का उपयोग करने वाली आज की पीढ़ी एक आम सी साड़ी पर गौर कर रही है। कंगना ने फैशन और फिल्मी दुनिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम एक पीढ़ी के रूप में संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपभोग कर रहे हैं। हमें विचारशील होना होगा। लोग हमारे आम परिधानों पर भी गौर करते हैं। इन चीजों को प्रोत्साहित किए जाने की दरकार है। हम ऐसे उत्पाद तब लेना पसंद करते हैं, जब वो फैंसी स्टोर में आते हैं, लेकिन किसानों, बुनकरों और शिल्पकारों को नहीं देखते, जो इन चीजों को तैयार करते हैं। कुछ समय पहले कावेरी कॉलिंग कैम्पेन से जुड़ने के अवसर पर भी कंगना ने कहा था कि पर्यावरण को फैशन और ग्लैमर उद्योग से सबसे ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। जो कपड़े और जूते मॉडल पहनते हैं उसमें से बहुत कुछ आगे काम में नहीं लिया जा सकता है। जिसे जला दिया जाता है। जिससे बहुत ज्यादा कार्बन उत्सर्जन होता है। इसीलिए इस क्षेत्र से जुड़े लोगों पर बेहतर दिखने का दबाव कम होना चाहिए। इससे न केवल सिंथेटिक और चमड़े से बने कपड़ों का प्रयोग कम होगा बल्कि हाथ से बुने कपड़ों को बढ़ावा भी मिलेगा। यही वजह है कि न तो एक चर्चित अभिनेत्री का सूती साड़ी में सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज करवाना आम बात है और न ही इस विषय से जुड़े उस पहलू पर बात करना, जो प्रकृति ही नहीं हमारी व्यक्तिगत सोच पर भी गहरा असर डाल रहा है। यह एक वैश्विक चिंता है कि हम संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपभोग कर रहे हैं। बीते कुछ सालों में जीवनशैली में आए बदलावों से प्राकृतिक संसाधन ही नहीं रीते हमारी सोच और समझ भी रीत गई है। जबकि सजावटी-दिखावटी सी आज की दुनिया में बुनकरों और किसानों की मेहनत की अनदेखी ही नहीं जलवायु परिवर्तन का मसला भी हमारी जीवनशैली से ही जुड़ा है। ऐसी बातों और हालातों का हमारी सोच और सजगता से ही वास्ता है। जल संसाधनों की कमी की बात हो या पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की। ज़रूरतों पर इच्छाएं भारी पड़ रही हैं। यही इच्छाएं प्रकृति के लिए भी बोझ बन गई हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्लोबल फुट प्रिंट की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक इस साल के जुलाई महीने तक हमने 2019 के लिए धरती के समस्त संसाधनों का इस्तेमाल कर लिया है। यानी साल भर के लिए नियत संसाधनों को आधा साल पूरा होने तक खत्म कर दिया है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि मानव जाति प्राकृतिक संसाधनों का 1.75 गुना दोहन कर रही है। चिंतनीय है कि प्रकृति जिस अनुपात में प्राकृतिक संसाधनों निर्माण करती है, उसके अनुपात में हम संसाधनों का दोहन बहुत तेज़ी से कर रहे हैं। इस अंधाधुंध दोहन के चलते हम आज 1.7 पृथ्वी जितना संसाधन इस्तेमाल कर रहे हैं। जो करीब 10 साल बाद बढ़कर दो पृथ्वियों जितना हो जाएगा। कुल मिलाकर भोगवादी संस्कृति वाली इंसानी आदतें कुदरत




को तो कुपित करने का काम तो कर ही रही हैं, तेज़ी से हो रहा संसाधनों का क्षरण खुद मानवीय जीवन के लिए भी संकट पैदा कर रहा है। बीते साल आए लांसेट काउंटडाउन- 2018 के अध्ययन शेपिंग द हेल्थ ऑफ नेशंस फॉर सेंचुरीज टु कम के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य से जुड़े खतरे भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

भारत में भी संसाधनों के दोहन की स्थितियां बेहद चिंतनीय हैं। अगर इसी गति से प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग जारी रहा तो हमें अपनी मांग पूरी करने के लिए 2.5 देशों जितने संसाधन की आवश्यकता होगी। असीमित मानवीय जरूरतों और गतिविधियों ने धरती, जल और वायु सभी को प्रदूषित कर दिया है। जहां पेड़-पौधों के पूजन की परम्परा रही है, वहां पहाड़ से लेकर रेगिस्तान तक, देश के हर हिस्से में प्राकृतिक ससाधनों का जमकर दोहन हो रहा है। हम अपनी सुविधाओं के लिए इनका जमकर दोहन कर रहे हैं। जबकि पर्यावरण सहेजने के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव रोज़मर्रा की आदतों का हिस्सा होना भी जरूरी है। महात्मा गांधी के मुताबिक़ पृथ्वी सभी मनुष्यों की ज़रुरत पूरी करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, लेकिन लालच पूरा करने के लिए नहीं। वन्यजीवन पर मानवीय गतिविधियों के भयानक असर से जुड़ी बीते साल आई लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1970 के बाद मानवीय गतिविधियों के कारण जीव-जन्तुओं की कुल संख्या 60 प्रतिशत कम हुई है। इतना ही नहीं कार्बन, खाद्य पदार्थ, जंगल, जैव विविधता और जल जैसे धरती के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी विचारणीय है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट ने भी चेतावनी दी है कि अगर पेड़ों के घटने की रफ्तार इसी गति से जारी रही तो वर्ष 2050 तक विश्व मानचित्र से भारत के क्षेत्रफल के बराबर जंगल समाप्त हो जाएंगे। ऐसे में लाखों के परिधान पहन चर्चा में आने के बजाय आम सी पोशाक पहनकर इस संवेदनशील विषय पर सार्थक बात कहने का कंगना का यह अंदाज गौर करने लायक है। क्योंकि सहज और सरल रहन-सहन अपनाकर ही धरती के संसाधनों को बचाया जा सकता है, प्रकृति की रक्षा की जा सकती है।

विडंबना ही है कि तपती धरती, बढ़ते जल संकट, खत्म होते जंगल और हवा में घुलते प्रदूषण के जहर से शिकायत तो सभी को है पर पर्यावरण के बिगड़ते हालातों के प्रति जिम्मेदारी समझने की फ़ुरसत किसी के पास नहीं। जबकि कुदरत के बिगड़ते मिजाज और रीत रहे संसाधनों का मुद्दा समग्र समुदाय से जुड़ा है। जिसे उचित योजनाओं के साथ-साथ धरती पर उपलब्ध संसाधनों का संयमित उपभोग और सही जीवनशैली ही प्रभावी रूप से संबोधित कर सकती है। ऐसे में इस जिम्मेदारी का सबसे पहला पड़ाव प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोकने का ही है। दुखद है कि हम प्रकृति से लेना तो सीख गए हैं पर उसे कुछ भी लौटाने की समझ ही गुम है। निःसंदेह प्रकृति मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति का सामर्थ्य रखती है पर इंसान तो सब कुछ छीनने में लगा है। यह व्यवहार प्रकृति के बिगड़ते संतुलन के लिए ही नहीं व्यक्तिगत जीवन के लिए भी बड़ी चिंता का विषय बन गया है। सब कुछ होकर भी कुछ कमी सी लगने की आदत आज एक बड़ी मनोवैज्ञानिक समस्या है। जिसके चलते जिन्दगी के प्रति एक ऊब और निराशा की स्थिति पैदा हो रही ह। ऐसे में सहज जीवनशैली अपनाकर हम मन का सुकून ही नहीं प्रकृति के फीके पड़ रहे रंगों को भी सहेज सकते हैं। अगर पर्यावरण को लेकर आगर हम आज नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी।

# इन 5 तरह के लोगों को अतिथि बनाने से बचें



संकलित
## दर्शन

मनुस्मृति की मानें तो इन पांच प्रकार के लोगों को मेहमान बनाने से बचना चाहिए।

1. धोखा देने वाले: जो लोग दूसरों को धोखा देते हों और अंदर से कुछ और बाहर से कुछ दिखते हों ऐसे लोगों को अतिथि बचाने से बचना चाहिए। कहा जाता है कि अतिथि बनकर ये लोग आघात पहुंचा सकते हैं।
2. गलत काम करने वाले: चोरी करते हैं दूसरों का धन लूट लेते हैं और किसी गरीब का अहित कर अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं ऐसे लोगों को अतिथि बनाने से बचना चाहिए। ये लोग आपके साथ भी ऐसा ही कर सकते हैं।
3. दूसरों को बेवकूफ बनाते हैं: जो लोग दूसरों को बेवकूफ बनाकर उनका सब कुछ हड़प कर जाते हैं ऐसे लोगों से बचना चाहिए। ऐसे लोग भोले लोगों को अपनी बातों में फंसाकर फायदा उठा लेते हैं। इसलिए इन लोगों को मेहमान के रूप में सोचना भी नहीं चाहिए।
4. दूसरों को दुख पहुंचाने वाले: जो लोग अपनी बातों से, कर्मों से दूसरों को दुख पहुंचाते हैं ऐसे लोगों से बचना चाहिए। ये आपके घर मेहमान बनकर आएं तो पहले ही हाथ जोड़ लेने चाहिए। इन्हें मेहमान बनाने से ये आपको दुख ही देंगे।
5. वेदों में विश्वास न रखने वाले: जो लोग भगवान में विश्वास न रखते हों और वेदों को भी नहीं मानते हों ऐसे लोगों को मेहमान नहीं बनाना चाहिए।


# स्वार्थ और संवेदना



संकलित
## प्रेरणा

एक ब्राह्मण को विवाह के बहुत सालों बाद पुत्र हुआ लेकिन कुछ वर्षों बाद बालक की असमय मृत्यु हो गई। ब्राह्मण शव लेकर श्मशान पहुंचा, वह मोहवश उसे दफना नहीं पा रहा था। उसे पुत्र प्राप्ति के लिए किए जप-तप और पुत्र का जन्मोत्सव याद आ रहा था। श्मशान में एक गिद्ध और एक सियार रहते थे, दोनों शव देखकर बड़े खुश हुए। उन दोनों ने प्रचलित व्यवस्था बना रखी थी, दिन में सियार मांस नहीं खाएगा और रात में गिद्ध। सियार ने सोचा यदि ब्राह्मण दिन में ही शव रखकर चला गया तो उस पर गिद्ध का अधिकार होगा, इसलिए क्यों न अंधेरा होने तक ब्राह्मण को बातों में फंसाकर रखा जाए। उधर, गिद्ध भी ताक में था कि शव के साथ आए कुटुंब के लोग जल्द से जल्द जाएं और वह उसे खा सके। सबसे पहले गिद्ध ब्राह्मण के पास गया और उससे वैराग्य की बातें शुरू की। सियार सब सुन रहा था, उसे गिद्ध की चाल सफल होती दिखी तो भागकर ब्राह्मण के पास पहुंचा। सियार कहने लगा- बड़े निर्दयी हो, जिससे प्रेम करते थे, उसकी मृत देह के साथ थोड़ा वक्त नहीं बिता सकते, फिर कभी इसका मुख नहीं देख पाओगे। पार्वती जी ने बिलखते परिजनों को देखा तो दुखी हो गईं। उन्होंने महादेव से बालक को जीवित करने का अनुरोध किया। महादेव प्रकट हुए और उन्होंने बालक को सौ वर्ष की आयु दे दी, गिद्ध और सियार दोनों ठगे रह गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या

पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या बन गऊ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया जा रहा अभियान तभी सफल होगा, जब हर एक आदमी अपनी भागीदारी दे। डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, चम्मच, स्ट्रॉ जो कि आज सबसे ज्यादा कचड़ा फैलाते हैं, उसका इस्तेमाल तुरंत बंद करने का कानून बनाना चाहिए और शहर के हर वैवाहिक भवन में, होटलों में, धर्मशालाओं में शादी विवाह एवं अन्य सभी तरह के आयोजनों में इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के बारे में विचार करना चाहिए।

-मनोज जोशी, रायपुर

## ट्रेंड

### कृष्ण वर्मा को नमन



श्यामजी कृष्ण वर्मा भारत से बाहर रह रहे लोगों में स्वाधीनता की अलख जगाने के अग्रदूत बने। उन्होंने इंडिया हाउस और इंडियन होमरूल सोसायटी से विदेशों में रहने वाले भारतीय को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करने का भगीरथ कार्य किया।

-अमित शाह

### सिद्धांत होना महत्वपूर्ण



मनुष्य के रूप में हम सभी एक समान हैं। हमारे पास अद्भुत बुद्धि है, जो कभी-कभी हमारे लिए समस्याएं पैदा करती है, लेकिन यह वास्तव में रचनात्मक और सहायक हो सकती है। यह वह संदर्भ है जिसमें नैतिक सिद्धांत होना बहुत महत्वपूर्ण है।

-दलाई लामा

### प्रेरित करती है मेलिंडा



दुनियाभर की महिलाओं और लड़कियों की ओर से मेलिंडा का काम मुझे हर दिन प्रेरित करता रहता है। अमेरिका में महिलाओं की शक्ति और प्रभाव बढ़ाने के लिए वह अगले दस वर्षों में बिलियन डॉलर की एक योजना पर काम कर रही है।

-बिल गेट्स

### शानदार अग्रवाल



मयंक अग्रवाल की तकनीक देखने में बहुत ही आसान लगती है, लेकिन उसका खेल बहुत रोमांचित करता है। वो शानदार शॉट दिखाता है। पुजारा भी टीम इंडिया के लिए डिफेंसिव बैट्समैन है। वो तक तो बिल्कुल अनमोल जब कम्फर्ट जोन से बाहर हो।

-संजय मांजरेकर

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अस्वस्थ मुशर्रफ छह को राजनीति में करेंगे वापसी




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ अपने खराब स्वास्थ्य के कारण एक साल से ज्यादा समय तक निष्क्रिय रहने के बाद छह अक्टूबर को राजनीति में वापसी करने की सोच रहे हैं। मुशर्रफ की पार्टी की एक नेता ने इस बारे में बताया। जनरल (सेवानिवृत्त) मुशर्रफ (76) मार्च 2016 से दुबई में रह रहे हैं। वर्ष 2007 में संविधान की अवहेलना के लिए वह देशद्रोह के मामले का सामना कर रहे हैं । इस दंडनीय अपराध के लिए उन्हें 2014 में दोषी पाया गया था। देशद्रोह के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। ऑल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एपीएमएल) के संस्थापक मुशर्रफ अपनी खराब तबीयत के कारण पिछले साल राजनीतिक गतिविधियों से दूर हो गए थे । 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने पार्टी की नेता के हवाले से बताया कि स्वास्थ्य में सुधार के बाद मुशर्रफ अब वापसी करने का इरादा बना रहे हैं । एपीएमएल की महासचिव मेहरीन मलिक ने कहा कि पिछले महीने 12 दिन तक लंदन में एक अस्पताल में उनका उपचार चला था। उन्होंने कहा, 'अब वह ठीक हैं और दुबई लौट आए हैं।' उन्होंने कहा कि मुशर्रफ के निर्देश पर एपीएमएल ने समूचे पाकिस्तान में अपनी राजनीतिक गतिविधियां आरंभ कर दी है । उन्होंने कहा, 'वह (मुशर्रफ) छह अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस्लामाबाद में पार्टी के नौवें स्थापना दिवस को संबोधित करेंगे ।'

## ऑफ बीट

# मंगल ग्रह पर 100 से अधिक अजीबोगरीब आवाजें कैद

नासा ने मंगल ग्रह पर अपने इनसाइट लैंडर से रिकॉर्ड की अजीबो-गरीब आवाजों को जारी किया है, जिन्हें अब सुना जा सकता है। वैज्ञानिक इन आवाजों का अध्ययन कर रहे हैं। नासा के वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर 100 से अधिक अजीबोगरीब आवाजें कैद की है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने मंगल पर कंपनों को महसूस किया है। नासा की ओर से इस बारे में जानकारी देने के लिए जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, नासा के इनसाइट लैंडर ने मंगल ग्रह पर आज तक 100 से अधिक कंपन का पता लगाया है, जिनमें से 21 को स्ट्रांग माना जा रहा है। अब वैज्ञानिक इन आवाजों का अध्ययन कर रहे है। वैज्ञानिक इन आवाजों के अलग-अलग मतलब निकाल रहे हैं। नासा ने जिस इनसाइट से ये आवाजें पकड़ी हैं, वो एक-एक अति संवेदनशील सीस्मोमीटर से लैस था, जिसे सीस्मिक एक्सपेरिमेंट फॉर इंटीरियर स्ट्रक्चर कहा जाता है। इस मशीन से सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप में होने वाले कंपन को भी मापा जा सकता है। नासा द्वारा उपकरण को मार्सक्वैक को सुनने के लिए डिजाइन किया गया। नासा वैज्ञानिक पहली बार मंगल ग्रह की गहरी आंतरिक संरचना का खुलासा करते हुए इस बात का अध्ययन करना चाहते हैं कि इन भूकंपों की भूकंपीय तरंगें ग्रह के आंतरिक भाग से कैसे गुजरती हैं।



## खबर संक्षेप



### पश्चिम बंगाल में 6.5 किलोग्राम अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

**कोलकाता।** राजस्व आसूचना निदेशालय ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी शहर के पास बस से यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे 6.5 किलोग्राम अफीम बरामद किया है। डी आर आई के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डी आर आई अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो अक्टूबर को तड़के गुवाहाटी से आ रही एक बस से दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया और उनसे अफीम के सात पैकेट बरामद किये। अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को मादक पदार्थ सबंधी कानून, 1985 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गए दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्हें अफीम गुवाहाटी से मिली थी जो वे जम्मू में किसी अन्य व्यक्ति को देने जा रहे थे।

### भारतीय जल क्षेत्र में श्रीलंकाई नौका और 600 किलो मछली जब्त

**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल ने श्रीलंका की मछली पकड़ने वाली एक नौका को जब्त किया है। इस नौका पर सवार चालक दल के छह सदस्य भारतीय जल क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। उनसे 600 किलोग्राम मछली भी जब्त की गई। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय समुद्री क्षेत्र कानून 1976 का उल्लंघन करने के लिए आईसीजीएस समर ने एक अक्टूबर को नौका जब्त की। मछली पकड़ने वाली नौका समदी-07 भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मौजूद थी और इस पर चालक दल के छह सदस्य थे। विज्ञप्ति के मुताबिक तटरक्षक बल को इस पर 600 किलोग्राम मछली मिली। उन्होंने कहा कि नौका को यहां लाया गया है और इसे पुलिस को सौंपा जाएगा। एक दिन पहले तटरक्षक बल ने तमिलनाडु के नागपट्टीनम तट के पास श्रीलंका के 18 मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी आठ नौकाएं जब्त कर ली थीं।

### 2020 से एम्स में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश नीट के जरिये होगा: हर्षवर्धन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को घोषणा की कि सभी एम्स और जिपमर सहित देश भर के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सामान्य राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 'नीट' के माध्यम से होगा। वर्तमान में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमर) को छोड़कर सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के माध्यम से किए जाते हैं। हर्षवर्धन ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के अनुसार अगले शैक्षणिक वर्ष (2020) से एम्स और जिपमर जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों पर सामान्य राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 'नीट' लागू होगी और एमबीबीएस के लिए कॉमन काउंसलिंग होगी।'

### भतीजी से बलात्कार करने वाला शख्स गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस ने उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव में मानसिक रूप से निशक्त 15 साल की भतीजी से बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी ने बाद में बच्ची को ठाणे जिले के कल्याण रेलवे स्टेशन पर अकेले छोड़ दिया था। जोन 3 के पुलिस उपायुक्त विवेक पंसारे ने कहा कि पीड़िता 29 मई, 2019 को कल्याण स्टेशन पर मिली थी। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से निशक्त किशोरी अपनी पहचान नहीं बता पा रही थी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस ने उतारे कुल 145 उम्मीदवार कई वरिष्ठ नेताओं को मिला टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच और उम्मीदवार घोषित किए। इसके साथ ही पार्टी कुल 145 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और अशोक चव्हाण सहित कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी की पांचवीं सूची में कुडाल विधानसभा सीट से उम्मीदवार बदला गया है।

कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन के तहत 125 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली थी लेकिन छोटे दलों के लिए छोड़ी गई सीटों पर बात नहीं बन पाने के बाद उसने 140 से अधिक सीटों पर लड़ने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने राज्य विधानसभा चुनाव में अपने लगभग सभी दिग्गजों पर दांव लगाया है। इनमें पृथ्वीराज चव्हाण का नाम प्रमुख है जिन्हें कराड दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया है।



■ पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के दो पुत्रों को मिला टिकट

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को भोकर सीट से टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालासाहेब थोराट को संगमनेर से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे की बेटी प्रणिती सोलापुर शहर (मध्य) सीट से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन राउत को नागपुर उत्तर (सुरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के दो पुत्रों को टिकट दिया गया है। अमित देशमुख लातूर (शहर) और धीरज देशमुख लातूर (ग्रामीण) से किस्मत आजाएंगे। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोल सकोली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। राज्य में 21 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा और मतगणना 24 अक्टूबर को होगी।

### फड़णवीस, शिंदे व अजित पवार ने नामांकन दाखिल किया

महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा नेता अजित पवार समेत कई उम्मीदवारों ने शुक्रवार को पर्चा दाखिल किया। विधानसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने का आज आखिरी दिन था। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री फड़णवीस ने दक्षिण-पश्चिम नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से पर्चा भरा है। पर्चा दाखिल करने के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल भी उनके साथ मौजूद थे। इस सीट से फड़णवीस के खिलाफ कांग्रेस के आशीष देशमुख चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं आश्वस्त हूं कि आशीर्वाद हमारे साथ है। मैं रिकार्ड जीत दर्ज करूंगा।" वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता सुधीर मुंगनतीवर चंद्रपुर जिले के बल्लारपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। आवास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री गणेश नाइक क्रमश: शिरडी और एरोली सीटों से पर्चा भरा। नाइक हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। शिवसेना नेता शिंदे ने ठाणे जिले के कोपरी पचपाखाड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया। पवार ने बारामती सीट से नामांकन दायर किया है। वह वर्तमान में भी विधानसभा में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। महाराष्ट्र के इस पूर्व उपमुख्यमंत्री का मुकाबला भाजपा के गोपीचंद पडालकर से होगा। पवार ने कहा कि चुनाव नतीजे के दिन महाराष्ट्र के लोग देखेंगे कि बारामती के लोग मुझ पर कितना भरोसा रखते हैं। राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नासिक जिले में यीओला सीट से नामांकन दाखिल किया है। कंकावली सीट से भाजपा उम्मीदवार नीतेश राणे ने भी पर्चा भरा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अक्टूबर है जबकि नामांकन पर्चों की जांच पांच अक्टूबर को की जाएगी। सात अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। राज्य में विधानसभा की 288 सीटों पर हो रहे चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे।

## टिकट काटे जाने के बाद खडसे व तावड़े ने कहा

# पार्टी के फैसले को स्वीकार करते हैं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव का टिकट न मिलने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एकनाथ खडसे और विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करते हैं। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री तावड़े ने कहा कि वह आत्मावलोकन कर रहे हैं कि उन्हें फिर से नामित क्यों नहीं किया गया। उन्होंने हालांकि कहा कि वह 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है। खडसे ने कहा कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र मुक्ताईनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं से उनकी बेटी रोहिणी खडसे की जीत सुनिश्चित करने की अपील की है। भाजपा ने उत्तर महाराष्ट्र की इस सीट से रोहिणी खडसे को चुनाव मैदान में उतारा है। खडसे ने कहा कि यह अफवाह है कि पहली सूची में मेरा नाम नहीं होने के बाद मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की योजना बना रहा हूं। मैंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।



### मैं निश्चित रूप से विचार-विमर्श करूंगा: तावड़े

तावड़े ने कहा कि वह आरएसएस और एबीवीपी कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में आए थे। मंत्री ने कहा कि मैं निश्चित रूप से विचार-विमर्श करूंगा कि मुझे टिकट दिए जाने से क्यों इनकार किया गया और क्या मेरे बारे में पार्टी को गलत जानकारी तो नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें राज्य के विभिन्न हिस्सों से समर्थकों के फोन आए। तावड़े ने कहा कि हम पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और सभी कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने के वास्ते एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को दो तिहाई बहुमत मिले। तावड़े ने कहा कि चुनावों के बाद, हम इस बात पर चर्चा करेंगे कि क्या गलत हुआ। मैंने पार्टी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा है।

# कश्मीर में जनजीवन प्रभावित सुबह कुछ दुकानें खुलीं

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद आज 61वें दिन भी कश्मीर में जनजीवन प्रभावित रहा। मुख्य बाजार बंद रहे और सार्वजनिक परिवहन भी सड़कों से नदारद दिखा। शहर के कुछ इलाकों में कुछ दुकानें सुबह 7:30 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक खुलीं। अधिकारियों के अनुसार घाटी में किसी भी तरह की कोई पाबंदी नहीं है लेकिन संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाबल तैनात हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ऑटो-रिक्शा और अंतर जिला कैब सड़कों पर दिखीं, लेकिन सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधन सड़कों से नदारद रहे। गुरुवार की तुलना में शुक्रवार को निजी गाड़ियों की आवाजाही कम दिखी। गुरुवार को तो शहर में कई जगहों पर यातायात जाम हो गया था। उत्तर कश्मीर के हंडवाड़ा और कुपवाड़ा इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मोबाइल सेवा बंद है। चार अगस्त की रात से ही घाटी में इंटरनेट सुविधाएं निलंबित हैं। अनुच्छेद 370 को हटाने और घाटी को दो केन्द्रशासित प्रदेशों में बांटने के पांच अगस्त के केंद्र के फैसले के बाद से ही कश्मीर में स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार स्कूलों के सुचारू संचालन के लिए पूरे प्रयास कर रही है, लेकिन अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित अभिभावक उन्हें स्कूल नहीं भेजना चाहते हैं।



## केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा

# हज-2020 के लिए लोग 10 अक्टूबर से कर सकेंगे आवेदन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल के हज के लिए आगामी 10 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 10 नवंबर तक चलेगी। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि कश्मीर के लोग आसानी से हज के लिए आवेदन कर सकेंगे जहां पिछले दो महीने से सुरक्षा से जुड़ी कई पाबंदियां लागू हैं। हज-2019 के पूरा होने एवं अगले हज के संदर्भ में तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक के बाद नकवी ने कहा कि इस बार हज प्रक्रिया शत प्रतिशत ऑनलाइन/डिजिटल होगी। हज यात्रा के लिए आवेदन 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक स्वीकार किये जायेंगे। सभी हज यात्रियों को ई-वीजा की सुविधा दी गयी है। मोबाइल ऐप के जरिये भी हज के लिए आवेदन किया जा सकता है।" उन्होंने कहा कि कहा कि इस वर्ष हज यात्रियों को सभी प्रकार की जानकारी मुहैया कराने एवं पूरी हज प्रक्रिया में मदद करने के लिए 100 लाइन का सूचना केंद्र हज हाउस, मुंबई में शुरू किया जा रहा है।



### पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया एक नवंबर से शुरू होगी

नकवी ने कहा कि हज ग्रुप ऑर्गनाइजर (एचजीओ) के लिए पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया एक नवंबर से शुरू होगी जो एक दिसंबर तक चलेगी। हज प्रक्रिया जल्द शुरू करने से भारत एवं सऊदी अरब में हज के इंतजाम बेहतर तरीके से हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष देश भर में 21 इम्बार्केशन पॉइंट्स (प्रस्थान स्थल) थे, वहीं हज 2020 के लिए 1 नया इम्बार्केशन पॉइंट विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में शुरू किया जायेगा। इस प्रकार हज 2020 के लिए देश भर के 22 इम्बार्केशन पॉइंट्स के जरिये भारतीय मुसलमान हज यात्रा पर जायेंगे।

# ओवैसी ने विपक्ष के नेताओं को आड़े हाथों लिया

**मुम्बई।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद लोकसभा से सांसद असदुद्दीन ओवैसी नामांकन की आखिरी तारीख पर मुंबई पहुंचे जहां उन्होंने मुंबई की तमाम विधानसभाओं से एआईएमआईएम के उम्मीदवारो के नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र की बीजेपी सरकार,केंद्र की बीजेपी सरकार समेत विपक्ष के नेताओं को आड़े हाथों लिया।

लोकसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी को प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी के संग गठबंधन करने से बड़ा फायदा मिला था पर विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों में गठबंधन नहीं हुआ। ओवैसी ने साफ कहा कि किन कारणों से गठबंधन नहीं हुआ यह बताना सही नहीं होगा।



### कहा-उनकी पार्टी पिछड़े तबकों की आवाज है

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए ओवैसी ने बोला कि कल तक कांग्रेस के नेता उन्हें बीजेपी की ए टीम और बी टीम कहा करते थे। आज वही कांग्रेस के नेता कांग्रेस छोड़-छोड़ के बीजेपी को ज्वाइन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में मुस्लिमों को आरक्षण देने का समर्थन करते हुए ओवैसी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बराबर आवाज उठाते रहेंगे। ओवैसी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी पिछड़े तबकों की आवाज है।

## सराहनीय कार्य...



गुवाहाटी में शुक्रवार को गोरखा समुदाय की महिलाएं विवाह और अन्य कार्यों के दौरान इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक को बदलने के लिए उनके द्वारा बनाई गई हरे पत्तों की प्लेटों को दिखाती हुई।

### आईआईटी में एम.टैक की फीस बढ़ने से नाराज छात्रों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन और विकास मंत्रालय की ओर से आईआईटी में मास्टर्स ऑफ टेक्नोलॉजी कोर्सेज की फीस में 900 फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। वहीं फीस बढ़ने के खिलाफ ऑल इंडिया इंजीनियरिंग स्टूडेंट काउंसिल सामने आया है और बढ़ी हुई फीस के खिलाफ आवाज उठा रहा है। आपको बता दें, ऑल इंडिया इंजीनियरिंग स्टूडेंट काउंसिल ने 3 अक्टूबर को छात्रों से अपील की थी कि वह प्रदर्शन में साथ देने के लिए 11 बजे जंतर-मंतर आए. ताकि फीस बढ़ने का फैसला वापस ले लिया जाए. पूरे भारत में इंजीनियरिंग के छात्र सरकार के फैसले के विरोध में दिल्ली आ रहे हैं। आपको बता दें, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एमटेक ट्यूशन फीस को 900 फीसदी बढ़ाने का फैसला किया था। 2020 के शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाले तीन साल के कोर्स में फीस को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया जाएगा।

## मुबंई कांग्रेस के नेता ने दिखाये तेवर

# दिल्ली के नेताओं में समझ की कमी, छोड़ दूंगा कांग्रेस: निरुपम

**मुंबई।** कांग्रेस के लिए प्रचार नहीं करने के ऐलान के बाद संजय निरुपम ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की. महाराष्ट्र विधानसभा चुनांव में अपनी पसंद के उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज संजय निरुपम ने कांग्रेस आलाकमान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे लोगों में समझ की कमी है। पार्टी ने योग्य लोगों के साथ न्याय नहीं किया। संजय निरुपम टिकट बंटवारे से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ जुड़े लोग साजिश रच रहे हैं। निरुपम ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी से जुड़े लोगों को पार्टी में अलग-थलग किया जा रहा है। ऐसा ही चलता रहा तो वह लंबे समय तक कांग्रेस में नहीं रह पाएंगे. निरूपम ने कहा कि कांग्रेस में अब फीडबैक सिस्टम खत्म हो गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने वर्सोवा सीट से अपने उम्मीदवार को टिकट नहीं दिए जाने पर भी सवाल उठाए और दावा किया कि वह सही प्रत्याशी को टिकट देने के लिए कह रहे थे. उन्होंने स्वयं को चुनाव प्रचार अभियान से अलग रखने का ऐलान करते हुए कहा कि कुछ सीटों को छोड़ दें तो कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी।



### मुस्लिमों को दरकिनार करने का लगाया आरोप

उन्होंने कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी जमकर निशाना साधा। निरूपम ने कहा कि खड़गे ने हमारे उम्मीदवारों से बात नहीं की। निरुपम ने कहा कि कांग्रेस का पूरा मॉडल ही दोषयुक्त है. उन्होंने कांग्रेस आलाकमान पर मुस्लिम समाज को दरकिनार करने का आरोप लगाया और इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह ठीक नहीं।

## शादी के लिए बदलवाया धर्म

# राजस्थान में लव जिहाद का मामला आया सामने

**पीड़िता का करवाया गया मेडिकल**

**अजमेर।** अजमेर जिले के केकड़ी क्षेत्र मे लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद हिंदूवादी संगठन लामबंद हो गए हैं। वहीं, पीड़िता की रिपोर्ट पर सरवाड़ थानाधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सरवाड निवासी नाबालिग पीड़िता ने केकड़ी पुलिस उपाधिक्षक के समक्ष उपस्थित होकर सरवाड़ निवासी सद्दाम पर यह आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाकर मोबाइल से उसकी अश्लील फोटो खींची और फोटो दूसरे को दिखाने के नाम पर बलात्कार करता रहता।




### यूपी में ले जाकर किया धर्मपरिवर्तन

पीड़िता ने यह भी बताया की आरोपी ने यूपी ले जाकर धर्म परिवर्तन कराते हुए उससे शादी की। शादी के बाद पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी ने केकड़ी के निजी अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करवा दिया।

### पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

बता दें पुलिस उपाधीक्षक राजेश वर्मा ने मामले की जांच सरवाड़ पुलिस को सौंपते हुए कारवाई के निर्देश दिए। सरवाड़ थानाप्रभारी भवानी सिंह ने आरोपी सद्दाम के खिलाफ पोक्सो एक्ट एवं धर्म परिवर्तन करवाने के मामले मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शुक्रवार को पीड़िता का सरवाड़ अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। पीड़िता को केकड़ी अदालत में पेश कर कलमबद्ध बयान करवाया जा चुका है। थानाप्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिंदूवादी संगठन हुए लामबंद

इस मामले की जानकारी मिलने के बाद केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के हिंदूवादी सगठन लामबंद है। हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर कठोर कारवाई की मांग की है।

## 10 देशों के नौसेना प्रमुखों से बोले डोभाल

# बदलाव के लिए हमारा साथ आना जरूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के लिए भारत खुद को फायदेमंद बनाना पसंद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने क्षेत्र के देशों की अर्थव्यवस्था में भी सहायता करेगा। गोवा में नौसेना द्वारा आयोजित गोवा मेरीटाइम कनक्लेव में पहुंचे डोभाल ने यहां क्षेत्र के देशों को भारत की तकनीक और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने को कहा। कार्यक्रम में डोभाल के साथ 10 देशों के नौसेना प्रमुख मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भारत के कई भौगोलिक लाभ है, बड़ा एरिया है और भारत कई ऐसी चीजों की पहल कर चुका है जिसका लाभ अन्य देशों को भी हो। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों के साथ सबंध की पहली पॉलिसी में हमारा कमिटमेंट हैं कि हम आतंक से लड़ने, अपराधों को कम करने, ड्रग्स की तस्करी रोकने, हथियारों की तस्करी रोकने में आपका सहयोग चाहते हैं।



### हम किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं

डोभाल ने जोकर देते हुए कहा कि हम किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं, न ही किसी एक देश के साख हैं। हमारा फोकस साथ मिलकर सही बदलाव लाने पर है।

### गोवा के सरकारी विभागों पर 145 करोड़ रुपये का बिजली बकाया

**पणजी।** गोवा के बिजली मंत्री नीलेश कबराल ने शुक्रवार को बताया कि सरकार के विभिन्न विभागों पर बिजली विभाग का करीब 145 करोड़ रुपये बकाया है। ग्राहकों की ओर से कुल 350 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किए जाने की वजह से बिजली विभाग आर्थिक संकट से गुजर रहा है। कबराल ने पत्रकारों को बताया, "सभी बही खाते देखने पर पता चला कि बिजली विभाग का सरकारी एजेंसियों, आम लोगों और निजी कंपनियों पर करीब 350 करोड़ रुपये का बकाया है। इनमें से भी 120 से 145 करोड़ रुपये अकेले सरकार के विभिन्न विभागों पर बकाया है। मंत्री ने बताया कि नवंबर महीने से बिजली विभाग बकायेदारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करेगा।

# निफ्ट के टाइमिंग में आरबीआई ने किया बड़ा बदलाव, अब 24 घंटे सेवा उपलब्ध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक ग्राहकों को दिवाली से ठीक पहले बड़ा तोहफा दिया है। आरबीआई ने बैंकिंग को सरल बनाने के लिए 24 घंटे निफ्ट सुविधा शुरू करने का ऐलान किया है।

- आरटीजीएस का भी समय बढ़ाने पर विचार कर रहा आरबीआई

वर्किंग डेज में निफ्ट सर्विस 24 घंटे के लिए उपलब्ध होगी। हालांकि, आरबीआई ग्राहकों को 24 घंटे 7 दिन निफ्ट की सुविधा देने पर काम कर रहा है। इससे पहले भी आरबीआई ने ऐलान किया था कि दिसंबर से निफ्ट सप्ताह भर 24 घंटे काम करेगा। बता दें कि आरबीआई ने यह प्रस्ताव पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स इन इंडियाः विजन 2019-2021 दस्तावेज में किया था।

## आरबीआई का मानना लोग ज्यादा से ज्यादा निफ्ट सुविधा का इस्तेमाल करें

### आरबीआई का विजन

रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि दिसंबर 2021 तक देश में डिजिटल माध्यमों से होने वाला लेनदेन चार गुना से भी अधिक बढ़कर 8,707 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। रिजर्व बैंक ने 'भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली: विजन 2019- 2021' दस्तावेज को जारी करते हुए देश में ई- भुगतान के अनुभव को बेहतर बनाने और उच्च डिजिटल और कम नकदी वाला समाज बनाने की दिशा में यह कदम उठाया है।



### एसबीआई का निफ्ट करने का समय

एसबीआई सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक निफ्ट करता है जबकि शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राहकों को यह सुविधा मिलती है। हालांकि आईएमपीएस सेवा हमेशा चालू रहती है लेकिन इसमें सिर्फ 2 लाख रुपए तक ही ट्रांसफर किए जा सकते हैं। वहीं आरटीजीएस सुविधा बड़े बैंकिंग ट्रांजेक्शन के लिए होती है, जो सुबह 8 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक रहती है।

### आरटीजीएस का टाइम भी बढ़ेगा

रिजर्व बैंक ने कुछ महीने पहले अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया था, जिसमें आरबीआई ने कहा था कि निफ्ट सुविधा का ज्यादा से ज्यादा ग्राहक इस्तेमाल करें, इसके लिए इसमें और फीचर जोड़ने की जरूरत है। हालांकि पहले इनका परीक्षण करने की जरूरत है। वह आरटीजीएस का भी समय बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

### कब कर सकते हैं निफ्ट

मौजूदा समय में निफ्ट सुविधा रविवार और शनिवार के दिन बंद रहती है। इसके अलावा जिस दिन बैंक बंद रहता है, उस दिन भी निफ्ट नहीं होता है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी कंपनी एचपी करेगी हजारों की छंटनी



**सैन फ्रांसिस्को।** कंप्यूटर एवं प्रिंटर हार्डवेयर बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एचपी ने दुनियाभर में अपने 10 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करेगी। कंपनी ने अपनी लागत घटाने और प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए यह निर्णय किया है। कंपनी ने कहा कि आने वाले तीन साल में वह 9,000 तक छंटनी करेगी।

### दार्जिलिंग के चाय बागान मजदूर हड़ताल पर रहें

**कोलकाता।** त्योहार से पहले ऊंचे बोनस की मांग को लेकर दार्जिलिंग के 87 चाय बागानों के मजदूर 12 घंटे की हड़ताल कर रहे हैं। हिमालयन प्लांटेशन वर्कर्स यूनियन और दार्जिलिंग, तराई, दुआर्स प्लांटेशन लेबर यूनियन से संबंध सात श्रमिक संगठन हड़ताल पर है। प्रबंधन ने उन्हें 12 प्रतिशत बोनस देने का प्रस्ताव रखा है लेकिन श्रमिक 20 प्रतिशत बोनस देने की मांग कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति कोविंद आईआईटी रुड़की के वार्षिक कनवोकेशन में शामिल हुए

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने 04 अक्तूबर 2019 का अपने वार्षिक कनवोकेशन का आयोजन किया। भारत के माननीय राष्ट्रपति इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथियों में राज्यपाल बेबी रानी मौर्य, एचआरडी मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद थे। आयोजन की अध्यक्षता आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. एके चतुर्वेदी ने की। इस साल कुल 2029 डिग्रियां दी गईं। 1018 अंडर ग्रैजुएट, 702 पोस्ट ग्रैजुएट और 309 पीएच डी डिग्रियां दी गईं। कनवोकेशन 4 अक्तूबर सवेरे 10.30 बजे डिग्री कन्फरमेंट सेरेमनी के साथ आरंभ हुआ। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे अंडरग्रैजुएट डिग्री अवार्ड समारोह हुआ और शाम 6.30 बजे पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री अवार्ड समारोह हुआ।

## सौगात : केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश की, ब्याज दर 0.25 % घटाई

# आरबीआई के दिवाली बोनांजा से कम हुआ ईएमआई का बोझ : दास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती कर लोगों को दिवाली तोहफा दिया है। रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की समीक्षा पेश की। इसमें रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट यानी चौथाई फीसदी तक की कटौती की गई है। रेपो रेट घटकर अब 5.15 फीसदी रह गई है। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी ब्याज दर घटाएंगे और लोगों के होम लोन, ऑटो लोन आदि की ईएमआई कम हो जाएगी।

रिजर्व बैंक ने साल 2019 में लगातार पांचवीं बार ब्याज दरों में कटौती की है। इस साल अब तक ब्याज दर में 1.35 फीसदी तक की कटौती हो चुकी है। उम्मीद है कि बैंक दिवाली से पहले इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएंगे। इसके साथ ही रिवर्स रेपो रेट यानी जो ब्याज बैंकों को रिजर्व बैंक के पास फंड रखने में मिलता है, उसको भी घटाकर 4.90 फीसदी कर दिया गया है।

## नीतिगत दर में वर्ष 2019 में यह लगातार पांचवी कटौती

### खास बातें

- ब्याज दरों में चौथाई फीसदी कटौती की गई
- रेपो रेट में कटौती से लोगों की लोन ईएमआई कम हो जाएगी
- मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक तीन से पांच दिसंबर 2019 में



### उठाए कदमों का स्वागतः फिक्की

उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष संदीप सोमानी ने आर्थिक गतिविधियों को तेज करने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा लगातार उठाए जा रहे कदमों का स्वागत किया।

*इन वजहों से हुई कटौती : इसके पहले रिजर्व बैंक ने अगस्त में मौद्रिक नीति समीक्षा की थी और तब भी ब्याज दरों में चौथाई फीसदी की कटौती की गई थी। इस बीच आर्थिक परिस्थितियों में काफी बदलाव आया है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5 फीसदी रह गई है, जिस पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी अचरज किया था।*

**ईएमआई पर पड़ेगा इतना फर्क**

मान लीजिए कि रेपो रेट में कटौती के बाद कोई बैंक होम लोन की ब्याज दर 0.25 फीसदी की कटौती करता है तो उससे 25 लाख रुपए तक के 20 साल के लोन की ईएमआई हर महीने करीब 400 रुपए कम हो जाएगी। अगर आपने 25 लाख रुपए तक का होम लोन 20 साल के लिए लिया है और ब्याज दर 8.35 फीसदी तक है, तो अभी आपकी हर महीने कटने वाली ईएमआई 21,459 रुपए होती है। लेकिन अगर ब्याज दर घटकर 8.10 फीसदी रह जाए तो इसी होम लोन पर ब्याज दर 21,067 रुपए हो जाएगी।

### निचले स्तर पर आया रेपो रेट

अभी तक ऐतिहासिक रूप से 4.75 फीसदी की रेपो रेट का सबसे निचला स्तर रहा है, तो क्या अब उससे भी रिजर्व बैंक नीचे जाएगा। इस सवाल पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अभी इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन रिजर्व बैक जरूरत पड़ने पर कदम उठाता रहेगा।

### जारी रह सकती है राहत

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने यह तय किया है कि जब तक ग्रोथ में सुधार नहीं आता, इस तरह के राहत देने वाले कदम उठाए जाएं, लेकिन महंगाई को लक्ष्य के भीतर रखने पर पूरा ध्यान होगा। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने मध्यम अवधि में कंज्यूमर प्राइस आधारित महंगाई 4 फीसदी रखने का लक्ष्य रखा है। एमपीसी के सभी सदस्यों ने रेट में कटौती के समर्थन में वोट दिया।

# रिजर्व बैंक ने 2019-20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर घटाई

- पहले अनुमान 6 .9 प्रतिशत रखा गया था

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2019- 20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया। पहले यह 6.9 प्रतिशत रखा गया था। उसने उम्मीद जताई है कि वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि में सुधार होगा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर के छह साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच जाने के बाद केंद्रीय बैंक का जीडीपी वृद्धि दर के बारे में यह ताजा अनुमान आया है। निजी क्षेत्र की खपत और निवेश में नरमी को इसकी प्रमुख वजह माना जा रहा है।

**2021 में सात फीसदी का अनुमान जताया:** रिजर्व बैंक ने 2020-21 में देश की आर्थिक वृद्धि दर के सात प्रतिशत पर वापस लौटने का अनुमान जताया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि निकट अवधि में अर्थव्यवस्था का सफर 'कई जोखिमों से भरा' है।

### कटौती की वजह निजी क्षेत्र में निवेश अपेक्षित नहीं

वृद्धि अनुमान में इस बड़ी कटौती की वजह बताते हुए रिजर्व बैंक ने कहा कि निजी क्षेत्र की खपत और निवेश उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ सकी। वहीं वैश्विक व्यापार में नरमी के दबाव से निर्यात की रफ्तार खो गई।

### जीडीपी की वास्तविक वृद्धि 6.1 फीसदी रहेगी

मौद्रिक नीति के अनुसार, आधारभूत आकलनों, सर्वेक्षण के संकेतकों, बुनियादी कारकों और फरवरी से रेपो दर में की जा रही कटौती को ध्यान में रखते हुए 2019-20 में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### विकास के रास्ते में जोखिम कायम

जोखिमों का समान रूप से संतुलन करने के साथ यह दूसरी तिमाही में 5.3 प्रतिशत, तीसरी में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रह सकती है। रपट में कहा गया है कि व्यापार तनाव बढ़ने, नो-डील ब्रेक्जिट समझौता नहीं होने और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ने से बुनियादी विकास के रास्ते में जोखिम बना है।

### निवेश और वृद्धि बढ़ाने उपाय

हालांकि, अगस्त-सितंबर में निवेश और वृद्धि बढाने के सरकार के उपायों, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति में सुधार सरकारी बैंकों में पूंजी डालने और सरकारी बैंकों के विलय से जीडीपी वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है।

### अशोक लीलैंड 15 दिन विनिर्माण रोकेगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने उत्पादन को बाजार की मांग के साथ समायोजित करने के लिए अपने विभिन्न संयंत्रों में विनिर्माण कार्य को इस महीने 15 दिनों तक निलंबित रखेगी।

### सोने में 210 रुपए की तेजी, प्रति दस ग्राम 39,075 रुपए पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के रुख और रुपये के कमजोर होने से दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत 210 रुपए चढ़कर 39,075 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। चांदी की कीमत 110 रुपए की गिरावट के साथ 46,490 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज में वरिष्ठ जिंस आकलनकर्ता तपन पटेल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में तेजी और रुपए के कमजोर होने से दिल्ली में 24 कैरट सोने के हाजिर भाव में 210 रुपए की तेजी आई। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में चौथाई (0.25) प्रतिशत की कमी करने के बाद डॉलर के मुकाबले रुपए का हाजिर भाव करीब 10 पैसे कमजोर हो गया। गुरुवार को सोना 38,865 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना भाव तेजी के साथ 1,508 डॉलर प्रति औंस हो गया और चांदी भाव 17.58 डॉलर प्रति औंस रहा।

# आर्थिक वृद्धि अनुमान घटाने से सेंसेक्स 434 अंक गिरा

एजेंसी ⏭ मुंबई

- कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 770 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा
- दर कटौती को शेयर बाजार ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी

रिजर्व बैंक के चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाने की घोषणा के बीच शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव तेज होने से सेंसेक्स 434 अंक लुढ़क गया।

सेंसेक्स ने करीब 300 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की लेकिन रिजर्व बैंक की नीतिगत



घोषणा से उसने तेजी खो दी। कारोबार के दौरान 770 अंकों के उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स अंततः 433.56 अंक यानी 1.14 प्रतिशत गिरकर 37,673.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 37,633.36- 38,403.54 अंक के बीच रहा। एनएसई का निफ्टी भी 139.25 अंक यानी 1.23 प्रतिशत गिरकर 11,174.75 अंक पर बंद हुआ। अवकाश प्रभावित सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 1,149.26 अंक यानी 2.96 प्रतिशत तथा निफ्टी में 337.65 अंक यानी 2.93 प्रतिशत की गिरावट आई।

शेयरखान बाय बीपी परिबास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (पूंजी बाजार रणनीति एवं निवेश) गौरव दुआ ने कहा कि दर में कटौती के कारण शेयर बाजार ने विशेषकर बैंकों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक में 3.46 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सितंबर में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां रही कमजोर

**नई दिल्ली।** देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर माह में कमजोर रही। मांग कमजोर रहने, प्रतिस्पर्धा का दबाव और चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों की वजह से सितंबर माह में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी 2018 के बाद सबसे निचले स्तर तक गिर गई। आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेस बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स (पीएमआई सेवाक्षेत्र) सितंबर में गिरकर 48.7 अंक पर आ गया।



**नई दिल्ली।** ऋणाग्राहक समावेशी कार्यक्रम के तहत, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, मंडल कार्यालय नोएडा में इंडियन एक्सपो सेन्टर, नोएडा, सैक्टर-62 ने आयोजित ऋण मेले में सक्रीय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा सिन्डीकेट बैंक ने कराया। मंडल अध्यक्ष श्रीमान मुकेश सिन्हा ने इस कार्यक्रम की सफलता को सराहते हुए कहा कि ऐसी सकरात्मक पहल से युवाओं तथा जरूरतमंद लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न वित्तिय योजनाओं से अवगत कराया।

# रेपो दर में लगातार कटौती से बढ़ेगी घरों की बिक्री : रियल्टी क्षेत्र

- कटौती से निवेशकों की धारणा मजबूत होगी
- त्योहारी मौसम में घरों की बिक्री बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से निवेशकों की धारणा मजबूत होगी और त्योहारी मौसम में घरों की बिक्री बढ़ेगी। संपत्ति को लेकर परामर्श देने वाले विशेषज्ञों ने यह प्रतिक्रिया दी। हालांकि उनका कहना है कि रिजर्व बैंक को इस बार की कटौती तथा इससे पहले की कटौतियां का लाभ घर खरीदारों तक पहुंचना सुनिश्चित करना चाहिए। रियल्टी कंपनियों के मंच नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि रेपो दर में कटौती आर्थिक वृद्धि को गति देने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने और उपभोग एवं निवेश बढ़ाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही रिजर्व



बैंक ने हाल ही में रेपो दर को ब्याज दर से जोड़ने का निर्णय लिया। इससे घर खरीदारों को मदद मिलेगी और उनका ईएमआई कम होगा। एनरॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, ''उपभोक्ता एफएमसीजी से लेकर वाहनों तक और निश्चित ही रीयल एस्टेट में भी कम खर्च कर रहे हैं। स्वाभाविक है कि रियल्टी क्षेत्र को रिजर्व बैंक से नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद थी ताकि उपभोक्ताओं की धारणा को बल देने के लिये सरकार द्वारा किये गये उपायों को समर्थन मिले। हालांकि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नीतिगत दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

### दर घटाना क्षेत्र के लिए उत्साहवर्धकः नायर

जेएलएल इंडिया के सीईओ एवं देश प्रमुख रमेश नायर ने कहा, ''रेपो दर में लगातार कटौती रीयल एस्टेट के लिए उत्साहवर्धक है। यह घर खरीदने के लिये सबसे शानदार समय हो गया है।' नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि रेपो दर में और अधिक कटौती की जानी चाहिए थी ताकि घरों की बिक्री को गति मिल सके।

### कर्ज की दरें सस्ती होने की उम्मीदः पोद्दार

पोद्दार हाउसिंग एंड डेवलपमेंट लि के प्रबंध निदेशक और नारेडको (महाराष्ट्र) के संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा नीतिगत दर में कटौती के साथ साथ 'नरम नीतगत रुख' बनाए रखने से कर्ज की दरें सस्ती होने की उम्मीद है।

### लक्ष्मी विलास बैंक और इंडियाबुल्स हाउसिंग का विलय अभी टला

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अभी लक्ष्मी निवास बैंक और इंडियाबुल्स हाउसिंग के प्रस्तावित विलय के बारे में निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, लक्ष्मी निवास बैंक को त्वरित सुधार कार्रवाई की रूपरेखा के तहत लाये जाने का मतलब यह नहीं समझा जा सकता है कि उसके इंडियाबुल्स हाउसिंग के साथ प्रस्तावित विलय के बारे में रिजर्व बैंक ने अपना मन बना लिया है। दास ने सभी संबंधित पक्षों को सलाह दिया कि रिजर्व बैंक के कदम के आधार पर कोई अनुमान नहीं लगाएं। दास से यह पूछा गया कि लक्ष्मी निवास बैंक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का मतलब यह तो नहीं कि रिजर्व बैंक ने विलय को टालने का इरादा तय कर लिया है। गवर्नर ने इस सवाल को कयास करार दिया। उन्होंने कहा, 'जब तक किसी मामले में निर्णय को सार्वजनिक नहीं किया जाये, यह सही नहीं कि हम उसकी व्याख्या करें।

**Public Notice**

General public is hereby informed that our client Sh. Richpal Singh, S/o Sh. Hanuman Singh & Mrs. Kashmiro Singh, W/o Sh. Richpal Singh, R/o Flat No. 84, Vijayveer Awas, Sec-18A, Dwarka, ND-75 severed all their relations with their daughter Dr. Anandi Bhukar, age 23 yrs, her husband Alok Narula as they are not obedient to our clients and their other family members and thus our client hereby debars their aforesaid daughter and her family from all their movable and immovable properties. Anybldy dealing with at his/her own risk and consequences and neither our client nor any of their family members shall be responsible for any of her acts, deeds and things in any manner.

Mohan S., Advocate
Mohan Law Chambers LLP

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

अब तक निराश क्यों? एक बार अवश्य फोन करें
AtoZ समस्याओं का घरबैठे 100% समाधान
ईश्वर ने चाहा किसी को रोने नहीं दूंगा
स्पे.: वशीकरण, मुठकरनी, पति-पत्नी मे अनबन मनचाहा प्यार, सौतन/दुश्मन गृहक्लेश, विदेशयात्रा, शादी तलाक, गढ़ाधन, कारोबार बंदिश, खिलाया-पिलाया, जादू, नौकरी, मुकदमा।
अगर आपका परिचित किसी और व्यक्ति के वश में हो तो फोन करें
मेरा किया काम कोई तोड़े तो उसे मुंह मांगा इनाम
स्पे० वशीकरण, मुठकरनी और काला जादू
बाबा आमिल सूफी
9717041517
9891374839

ढोंगी बाबाओं के भेष में बैठे हैं शैतान तो कैसे होंगे काम
11 मिनटों में शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे फोन पर पायें सभी समस्याओं का समाधान
अघोरी तांत्रिक बाबा रोमानी बंगाली (पुराने किलेवाले)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, प्यार में धोखा आदि। मुझसे पहले काम करने वाले को मुंहमांगा ईनाम।
97 60 37 09 60

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

अब तक परेशान क्यों है? दुःखों को खुशी में बदलने वाले 3 घंटे में अपनी A to Z सभी समस्याओं का 100% गारंटीड समाधान करवाएं
बाबा फरीद खान बंगाली
आप किसी भी समस्या से परेशान है तो अभी फोन करें, घर बैठे या मिलकर समाधान करवायें
स्पे. लवमैरिज, शादी में रूकावट, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, कारोबार परेशानी, प्रेमविवाह, गृहक्लेश, कैरियर, प्यार में धोखा, प्यार मोहब्बत, किया कराया, पढ़ाई में मन न लगना
अगर किसी का पति/प्रेमी या बेटा-बेटी दूसरे के वश में हो तो अवश्य फोन करें
स्पेशलिस्ट : वशीकरण व मुठकरणी
नोट : सभी जगह से निराश व मायूस एक बार अवश्य फोन करें या आकर मिलें
7688896500
पता : नियर आजादपुर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि। हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

**आवश्यकता**

☞ वनविभाग को चाहिये भारी मात्रा में जिलानुसार 860 लड़के- लड़कियां 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 21500-39500/- भोजन, आवास सुविधा इच्छुक व्यक्ति अपना पूरा नाम, पता, शहर पिनकोड सहित SMS करें 89488-36425

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**टॉवर**

☞ काम हमारा विश्वास जीतना, बिना किसी खर्च, अमेरिकन ग्रुप द्वारा जमीन, खेत, छत पर 4G टावर लगवायें एडवांस 60 लाख, मासिक किराया 80,000/- 1 नौकरी + सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित 82780-38357, 82781-16265

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

**चिकित्सा**

नशा मुक्त भारत अभियान
घर बैठे शराब छुड़वायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में अगर आप सभी जगह की दवाई खिलाकर थक चुके हैं तो एक बार अवश्य संपर्क करें
शराब, स्मैक, अफीम, हेरोइन, चरस, गांजा, गुटका, तम्बाकू, सिगरेट, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

## खबर संक्षेप



### चीन ओपनः मर्रे का सफर क्वार्टर फाइनल में खत्म

**बीजिंग।** ब्रिटेन के तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मर्रे को शुक्रवार को चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय डोमिनिक थिएम से 2-6, 6-7 से हार का मुंह देखना पड़ा। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मर्रे ने जनवरी में कूल्हे की सर्जरी कराई थी और वह वापसी कर रहे हैं। चीन ओपन में चार दिन में यह उनका तीसरा मैच था और वह बुधवार को कैमरन नोरी के खिलाफ तीन सेट की जीत के बाद थके हुए दिख रहे थे। छब्बीस साल के पांचवीं रैंकिंग पर काबिज थिएम का सामना अंतिम चार में रूस के चौथे वरीय कारेन खाचानोव से होगा।

### एएसबीसी में शामिल हुए भारतीय पदाधिकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा को एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) के कोच आयोग में जबकि लंबे समय से टीम के डाक्टर रहे करणजीत सिंह को चिकित्सा आयोग में शामिल किया गया। एएसबीसी ने असम मुक्केबाजी संघ के सचिव हेमंत कुमार कलिता को अपने युवा आयोग में जोड़ा। एएसबीसी ने कुछ समय पहले अनुभवी किशन नरसी को भी अपने टूर्नामेंट आयोग में बतौर चेयरमैन शामिल किया था। रैफरिंग और जजिंग आयोग में नरेंद्र कुमार निर्वाण भारत के प्रतिनिधि थे।



### शंघाई मास्टर्सः कलाई की चोट के कारण हटे नडाल



**शंघाई।** राफेल नडाल कलाई की चोट के कारण अगले सप्ताह से शुरू होने वाले शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। स्पेन के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी नडाल इस वजह से पिछले महीने लीवर कप से भी हट गए थे। यह लगातार दूसरा साल है जबकि 19 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल शंघाई मास्टर्स में नहीं खेलेंगे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने बयान में कहा, 'जैसा कि आप सभी संभवतः जानते हैं कि लोवर कप के दौरान मेरे बाएं हाथ की कलाई में दर्द था और मेरे पास इस शानदार प्रतियोगिता के लिए तैयार होने का समय नहीं है। मुझे उम्मीद है कि मैं 2020 में शंघाई में वापसी करूंगा।' मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन नडाल 19 अक्टूबर को परिणय सूत्र में बंधने वाले हैं।

### वैभव गहलोत चुने गए आरसीए अध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को शुक्रवार को राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) का अध्यक्ष चुना गया और उनके पैनल ने राज्य संघ के तनावपूर्ण चुनाव में सभी छह पद हासिल किए।वैभव ने राम प्रकाश चौधरी पर 25-6 की जीत से शीर्ष पद हासिल किया।



### एमसीए अध्यक्ष चुने गए पाटिल, संजय बने सचिव

**मुंबई।** शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी विजय पाटिल को शुक्रवार को यहां मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) का निर्विरोध अध्यक्ष और और संजय नाइक को सचिव चुना गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव को निर्विरोध चुना गया जबकि कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और शीर्ष परिषद के नौ सदस्यों के लिये चुनाव कराए गए। अमोल काले को उपाध्यक्ष चुना गया। विजय पाटिल पूर्व राज्यपाल और कांग्रेस नेता डा. डी वाई पाटिल के पुत्र हैं। एमसीए के चुनाव अधिकारी डी एन चौधरी ने परिणाम घोषित किए।



---

### क्रिकेट : मेहमान टीम ने तीसरे दिन स्टंप तक आठ विकेट पर बनाए 385 रन

# एल्गर और डिकाक के शतक से द. अफ्रीका की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

डीन एल्गर और क्विंटन डिकाक ने भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना करके दक्षिण अफ्रीका को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां अच्छी वापसी दिलाई। एल्गर ने 160 रन की लाजवाब पारी खेली और वह 2010 के बाद भारतीय सरजमीं पर शतक जड़ने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने, जबकि डिकाक (111) ने अपने सदाबहार अंदाज में बल्लेबाजी करके सैकड़ा जड़ा। इन दोनों की शतकीय पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 385 रन बनाए हैं।

- एल्गर 2010 के बाद भारतीय सरजमीं पर शतक जड़ने वाले पहले द .अफ्रीकी बल्लेबाज

दक्षिण अफ्रीका अभी भारत से 117 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 502 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। भारतीय पारी का आकर्षण मयंक अग्रवाल (215) और रोहित शर्मा (176) की सलामी जोड़ी के बड़े शतक रहे। भारत को पहले दो सत्र में केवल दो सफलताएं मिली लेकिन तीसरे सत्र में वह एल्गर और डिकाक दोनों को आउट करने में सफल रहा। रविचंद्रन अश्विन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अब तक 128 रन देकर पांच विकेट लिए हैं।



#### अश्विन ने 27वीं बार लिए पांच या उससे ज्यादा विकेट

अश्विन के टेस्ट क्रिकेट में ये 27वां मौका था जब उन्होंने किसी पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। अश्विन के लिए ये इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने लगभग एक वर्ष के बाद टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी की और ये सफलता हासिल की। अश्विन ने पिछले वर्ष 6 दिसंबर 2018 को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। हालांकि इससे पहले वेस्टइंडीज दौरे के लिए वो भारतीय टीम में जरूर थे, लेकिन उन्हें दो टेस्ट मैचों की सीरीज के किसी भी मैच में अंतिम ग्यारह में मौका नहीं दिया गया। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में अब तक अश्विन ने जिन बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया उनमें एडेन मार्करम, डी ब्रायन, फॉफ डु प्लेसिस, क्विंटन डि कॉक और फिलेंडर शामिल रहे।

#### 200 विकेट सबसे तेजी से लेने वाले दूसरे भारतीय बने जडेजा

बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट सबसे तेजी से लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में यह आंकड़ा छुआ। जडेजा ने डीन एल्गर (160) को पहली पारी के दौरान आउट करके 200वां विकेट लिया। जडेजा ने 44 टेस्ट में यह कमाल किया जबकि आर अश्विन 37 मैचों में 200 विकेट वाले क्लब में शामिल हो गए थे। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने 46 और अनिल कुंबले ने 47 मैचों में 200 विकेट लिए थे। जडेजा टेस्ट मैचों में 200 विकेट लेने वाले दसवें भारतीय गेंदबाज हैं।

#### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 502/7 घोषित

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एल्गर का पुजारा बो जडेजा | 160 | 287 | 18 | 4 |
| एडेन मार्कराम बो अश्विन | 05 | 21 | 1 | 0 |
| रूएन का साहा बो अश्विन | 04 | 25 | 1 | 0 |
| डेन पीट बो जडेजा | 00 | 04 | 0 | 0 |
| बावुमा पगबाधा बो इशांत | 18 | 26 | 3 | 0 |
| डुप्लेसिस का पुजारा बो अश्विन | 55 | 103 | 8 | 1 |
| क्विंटन डिकाक बो अश्विन | 111 | 163 | 16 | 2 |
| एस मुतुस्वामी खेल रहे हैं | 12 | 60 | 1 | 0 |
| वर्नोन फिलैंडर बो अश्विन | 00 | 10 | 0 | 0 |
| केशव महाराज खेल रहे हैं | 03 | 14 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 118 ओवर में 385/8
गेंदबाजी : इशांत 14-2-44-1, शमी 15-3-40-0, अश्विन 41-11-128-5, जडेजा 37-4-116-2, विहारी 9-1-38-0, रोहित 2-1-7-0.

---

## ब्रिटेन की कैटरीना बनी हेप्टाथलन वर्ल्ड चैंपियन



एजेंसी ▶▶| दोहा

ब्रिटेन की कैटरीना जानसन-थामसन ने गुरुवार को यहां विश्व चैंपियनशिप की हेप्टाथलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। छब्बीस साल की ब्रिटिश स्टार ने मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन नफीसाटोऊ थियाम को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

कैटरीना ने सात स्पर्धाओं में 6981 अंक जुटाए जबकि बेल्जियम की नफीसाटोऊ ने 6677 अंक के साथ रजत पदक जबकि आस्ट्रिया की वेरेना प्रेनर ने 6560 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

वहीं साल्वा इड नासेर ने 400 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सनसनी फैला दी, जिन्होंने 48.14 सेकेंड से इतिहास में तीसरा सबसे तेज समय निकाला। इस तरह नासेर प्रबल दावेदार मानी जा रहीं शौनाए मिलर यूइबो को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर रहीं।

### विश्व चैंपियनशिप : गोला फेंक एथलीट तेजिंदर पाल और धावक जॉन्सन बाहर



**दोहा।** भारत के गोला फेंक एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर और 1500 मीटर धावक जिनसन जॉन्सन विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी स्पर्धाओं के फाइनल्स में क्वालीफाई करने में असफल रहे और बाहर हो गए। दोनों एशियाई खेलों के स्वर्ण पदकधारी हैं। 24 साल के तूर ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास 20.43 मीटर से ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में आठवां स्थान हासिल किया और 34 प्रतिस्पर्धियों में 18वें स्थान पर रहे। जिनसन गुरुवार को पहले दौर की हीट में तीन मिनट 39.86 सेकेंड के समय से 10वें स्थान पर रहे। 43 धावकों में वह 34वां स्थान ही हासिल कर पाए।

---

## भारतीय महिला टीम ने ब्रिटेन को ड्रा पर रोका

एजंसी ▶▶| मारलो



नवजोत कौर और गुरजीत कौर के गोल की मदद से भारतीय महिला हाकी टीम ने इंग्लैंड दौरे के अपने आखिरी मैच में ब्रिटेन को 2-2 से ड्रा पर रोका। भारत के लिए नवजोत (आठवां मिनट) और गुरजीत (48वां) ने गोल दागे जबकि ब्रिटेन के लिए एलिजाबेथ नील (55वां) और अन्ना टोमान (60वां) ने गोल किए।

- मैच 2-2 से और ब्रिटेन दौरा 1-1 से ड्रा के साथ खत्म, भारत ने पांच मैचों में तीन ड्रा खेले

इसके साथ ही भारतीय टीम ने दौरे का अंत ब्रिटेन जैसी मजबूत टीम के खिलाफ ड्रा के साथ किया। भारत ने पांच मैचों में से एक जीता, एक हारा और तीन ड्रा खेले। पिछले मैच में पराजय का सामना करने वाली भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और मेजबान के हाफ में ही खेल होता रहा। शुरुआती हमलों का फायदा आठवें मिनट में पेनल्टी कार्नर के रूप में मिला जिसे नवजोत ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। ब्रिटेन को तीन पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने तीनों को बचा लिया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। हाफटाइम में हीश की जगह आई एमी टिनेंट ने 40वें मिनट में गुरजीत का गोल बचाया।



### संधू को ताइवान मास्टर्स में बढ़त

**तामसुई।** भारत के अजीतेश संधू ने पांच बर्डी और दो बोगी की मदद से दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में एक शाट की बढ़त पर हैं।

संधू एक समय दो शाट की बढ़त पर थे लेकिन इसके बाद वह दो बोगी कर गए और मिगुएल कारबालो की बराबरी पर आ गए। इस भारतीय ने हालांकि 16वें होल में बर्डी बनाकर सात अंडर 137 के कुल स्कोर के साथ बढ़त बनाई।

## विश्व चैंपियनशिपः मुक्केबाज जमुना का विजयी आगाज

एजंसी ▶▶| उलान उदे

जमुना बोरो (54 किलो) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बोरो ने मंगोलिया की मिचिडमा एर्डेनेडालाइ को 5-0 से हराया। अब उनका सामना अल्जीरिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त उदाद फाउ से होगा।

विश्व चैंपियनशिप 2017 की स्वर्ण पदक विजेता फाउ को पहले दौर में बाई मिली थी। शनिवार को पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन नीरज (57 किलो) और स्वीटी बूरा (75 किलो) अपने अपने मुकाबले खेलेंगी। नीरज का सामना चीन की कियाओ जीरू से होगा जबकि स्वीटी की टक्कर मंगोलिया की म्यागमाजगराल एम से होगी। इस टूर्नामेंट में 57 देशों के 224 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।



### मुंबई-हैदराबाद मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**बेंगलुरु।** मुंबई और हैदराबाद के बीच विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप ए मैच शुक्रवार को यहां बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। टीम सूत्रों ने कहा कि यह मैच अलूर क्रिकेट स्टेडियम तीन में खेला जाना था लेकिन लगातार बारिश होने के कारण इसमें टास भी संभव नहीं हो पाया। इन दोनों टीमों में आपस में अंक बांट दिये गए। इसी तरह से छत्तीसगढ़ और गोवा के बीच अलूर क्रिकेट स्टेडियम दो में होने वाला मैच भी खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। इन दोनों टीमों के बीच भी अंक बांट दिये गए।



---

## जोकोविच दमदार जीत से सेमीफाइनल में पहुंचे

एजंसी ▶▶| टोक्यो

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शुक्रवार को अपने तेजतर्रार खेल का अद्भुत नजारा पेश करके जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के लुकास पोइली के खिलाफ अपनी बादशाहत दिखायी और 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। उनके दमदार और सटीक शॉट तथा बेहतरीन ड्राप शॉट का पोइली के पास कोई जवाब नहीं था। यह मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला जिसके बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं मशीन नहीं हूं लेकिन मैं आज जैसा खेलना पसंद करता हूं। मैंने इस साल जितने मैच खेले उनमें यह सर्वश्रेष्ठ था।' इस जीत से जोकोविच ने यह भी दिखा दिया कि वह अब बाएं कंधे की चोट से पूरी तरह उबर गये हैं जिसके कारण वह यूएस ओपन के बीच से हट गए थे। उसके बाद जोकोविच का यह पहला टूर्नामेंट हैं।



## अफगानिस्तान क्रिकेट के मुख्य चयनकर्ता बने इंग्लैंड के मोल्स

एजंसी ▶▶| काबुल

इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर एंडी मोल्स को अफगानिस्तानी टीम का क्रिकेट निदेशक और मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज मोल्स पिछले महीने बांग्लादेश के सफल दौरे पर अफगानिस्तान के अंतरिम कोच थे।

दौरे के दौरान अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट 224 रन के बड़े अंतर से जीता था और फिर मेजबानों के साथ फाइनल के रद्द होने के कारण त्रिकोणीय श्रृंखला ट्राफी भी साझा की थी जिसमें तीसरी टीम जिम्बाब्वे थी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'एंडी मोल्स को क्रिकेट निदेशक और मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया। मोल्स को खेल में 25 साल से ज्यादा का अनुभव है और वह लेवल-चार के कोच भी हैं।' क्रिकेट बोर्ड ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर लांस क्लूजनर को 2020 तक के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया था।



### फुटबॉल...



**शेर्लोट।** दक्षिण कोरिया के ली मिन-ए (7) ने अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच की दूसरे हाफ के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका टियरना डेविडसन (12) को पछाड़कर गेद छिन लिया।

---

### रवि को विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने का मिला इनाम

# पहलवान रवि दहिया टॉप्स में शामिल, साक्षी बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले युवा पहलवान रवि दहिया को शुक्रवार को लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल किया गया जबकि फार्म में जूझ रही साक्षी मलिक को इससे बाहर कर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की मिशन ओलंपिक इकाई ने यह फैसला किया। रवि ने कजाखस्तान के नूर सुल्तान में पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उनके कांस्य पदक ने अगले साल होने वाले टोक्यो खेलों के लिए भारत का ओलंपिक कोटा भी सुनिश्चित किया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह पिछले कुछ समय से फार्म से जूझ रही है इसलिए उन्हें टॉप्स से बाहर कर दिया गया।

- फार्म से जूझ रही साक्षी ने रियो ओलंपिक में जीता था कांस्य



वह नूर सुल्तान में 62 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर से बाहर हो गई थी। भारोत्तोलक रगाला वेंकट राहुल को भी टॉप्स से बाहर कर दिया गया जिसमें 50,000 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जाती है। समिति ने पहलवान पूजा ढांडा के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमें उन्होंने एक महीने के लिए अपने घरेलू स्थल हिसार में रोमानियाई कोच फानेल कार्प के साथ ट्रेनिंग करने की अपील की थी।

#### भारोत्तोलक चानू के लिए वित्तीय सहायता मंजूर

समिति ने भारोत्तोलक मीराबाई चानू के वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमें उन्होंने फिजियो शिवानी भारूका को रखने की मांग की थी जो टोक्यो ओलंपिक तक राष्ट्रीय शिविर में उनके साथ होंगी। समिति ने हाल में हुई बैठक में 70 लाख रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। तीन राष्ट्रीय महासंघों निशानेबाजी, टेबल टेनिस और भारोत्तोलन ने बैठक के दौरान 2020, 2024 और 2028 ओलंपिक के लिए रोडमैप भी साझा किया।

## विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए भारतीय टीम गुवाहाटी पहुंची

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत की सीनियर पुरुष फुटबाल टीम कोलकाता में 15 अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को यहां अभ्यास शिविर के लिए पहुंची।

शिविर 12 अक्टूबर को समाप्त होगा जिसके बाद टीम कोलकाता रवाना होगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा, 'हर कोई हमसे जीत की उम्मीद करता है और कई लोग पहले ही महसूस करते हैं कि यह भारतीय टीम नए और सफल युग की ओर बढ़ रही है। हर कोई शिविर में टीम के कोलकाता में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। मुझे बताया गया कि हमने वहां आठ साल पहले मैच खेला था। हम इसे यादगार अनुभव बनाना चाहेंगे।' भारत को क्वालीफायर के दूसरे दौर के पहले मैच में गुवाहाटी में ओमान से 1-2 से हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद टीम ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए दूसरे मैच में मौजूदा एशियाई चैम्पियन कतर से गोलरहित ड्रा खेला। स्टिमक ने उम्मीद जतायी कि दर्शक टीम का पूरा समथ्रन करेंगे। उन्होंने कहा, 'गुवाहाटी में ओमान के खिलाफ हमें अच्छा समर्थन मिला और अब हम कोलकाता में भी काफी दर्शकों की उम्मीद कर रहे हैं।'



**खबर संक्षेप**

### हांगकांग में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

**हांगकांग।** हांगकांग में कई महीनों से जारी हिंसक प्रदर्शनों को खत्म करने के लिए सरकार आपात शक्तियों का इस्तेमाल करने और नकाब पर पाबंदी लगाने के बारे में विचार कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को यहां हजारों लोगों ने नकाब पहनकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में अधिकांश लोग कामकाजी थे जो भोजन अवकाश के दौरान यहां आए। सभी प्रदर्शनकारी बीजिंग समर्थक शासन द्वारा औपनिवेश काल के कानून के संभावित इस्तेमाल का विरोध कर रहे थे। अर्द्ध स्वायत्त शहर पर चीन के शासन के खिलाफ लोगों का गुस्सा प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों का रूप ले चुका है। बीते चार महीने से जारी इन हालात के बदलने के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। पहचान छिपाने के लिए प्रदर्शनकारियों ने नकाब पहने रखे थे। आंसू गैस तथा गोलियों से बचाव के लिए उन्होंने पीले रंग के हैलमेट, रंगीन चश्मे तथा रेस्पिरेटर पहन रखे थे। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, नेता कैरी लेम ने नकाब को गैरकानूनी घोषित करने के लिए आपात अध्यादेश नियम का इस्तेमाल करने का फैसला किया है।

### संस्कृत कॉलेज के विद्यार्थी पर हमले के आरोप में 10 गिरफ्तार

**वर्द्धवान।** देवांजन वल्लभ पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में यहां शुक्रवार को दस व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वल्लभ संस्कृत कॉलेज का विद्यार्थी है जिस पर यादवपुर विश्वविद्यालय में 19 सितंबर को केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो से धक्कामुक्की करने का आरोप है। वल्लभ ने अपनी शिकायत में कहा कि बुधवार को उसे वर्द्धवान के पास उसकी महिला मित्र के साथ बस से घसीटकर बाहर निकाला गया और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उन पर हमला किया गया। पूर्वी मिदनापुर के पुलिस अधीक्षक भास्कर मुखर्जी ने कहा कि वल्लभ की शिकायत के आधार पर दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है।

### ट्रंप ने की यूक्रेन, चीन से बाइडेन के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति



चुनाव में उनके संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के खिलाफ जांच करने की चीन और यूक्रेन से सार्वजनिक तौर पर अपील की। इस अपील के जरिए उन्होंने डेमोक्रेट्स पर कटाक्ष करने का प्रयास किया है जो चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप को बढ़ावा देने को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग कर रहे हैं। फ्लोरिडा में ट्रंप ने उन पर आरोप लगाने वालों को सनकी कहा जो महाभियोग की अटकलों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने उस जांच का रुख मोड़ने की कोशिश की जो उन्हें तीसरा ऐसा राष्ट्रपति बना सकती है जिस पर प्रतिनिधि सभा में महाभियोग चला हो और जिसे सीनेट में सुनवाई का सामना करना पड़ेगा।

# भारत की मलेशिया-तुर्की को दो टूक कहा- कश्मीर पर बयानबाजी न करें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत ने यूएन में तुर्की और मलेशिया द्वारा कश्मीर मसले को उठाए जाने पर शुक्रवार को सख्त प्रतिक्रिया दी। भारत ने दोनों देशों को नसीहत देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है। भारत ने साफ कहा कि इस मुद्दे पर अनावश्यक बयानबाजी न करें। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि ये देश ऐसे बयान सोच समझकर दें। कश्मीर भारत का पूरी तरह से आंतरिक मुद्दा है।*

भारत ने कश्मीर मुद्दे पर तुर्की एवं मलेशिया के बयान की 'कड़ी निंदा' करते हुए देश के आंतरिक मुद्दे से जुड़े विषय पर इन दोनों के बयान को तथ्य से परे बताया तथा मित्रतापूर्ण संबंधों की ओर ध्यान दिलाते हुए उनसे ऐसे बयान देने से बचने को कहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि जम्मू कश्मीर को लेकर हाल का भारत का निर्णय पूरी तरह से आंतरिक मामला है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस विषय पर कई बार तथ्य रख चुके हैं। तथ्य यह है कि जम्मू कश्मीर ने भारत के साथ विलय के प्रपत्र पर हस्ताक्षर किया था। पाकिस्तान ने उस पर हमला किया और जम्मू कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। इसे संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी माना है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख में हाल का घटनाक्रम भारत का आंतरिक मामला है ।

## कश्मीर भारत का आंतरिक मुद्दा है

### बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर जोर देगा भारत

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीन की भारत यात्रा के दौरान दोनों देश कारोबार, संपर्क सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने एवं संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिये 6-7 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेंगे तथा कुछ परियोजनाओं को आगे बढ़ायेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि हम बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं ।



**'उपयुक्त समझ के बाद ही बयान दें'**

तुर्की को मित्रतापूर्ण देश बताते हुए कुमार ने कहा कि छह अगस्त के बाद से तुर्की सरकार और उसके विदेश मंत्रालय की ओर से जिस प्रकार के बयान आ रहे हैं उसकी हम निंदा करते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि तुर्की का बयान तथ्यात्मक रूप से गलत, दुर्भावना से प्रेरित है। हम चाहते हैं कि तुर्की की सरकार वस्तुस्थिति के बारे में उपयुक्त समझ बनाने के बाद ही आगे कोई बयान दें।

### मलेशिया भारत का मित्र, हमें बयान पर आश्चर्य हुआ

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि जहां तक मलेशिया का सवाल है, उस देश के साथ भी भारत के मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में ये और बेहतर हुए हैं। कुमार ने कहा कि लेकिन मलेशिया के बयान (मलेशिया के प्रधानमंत्री का) से हमें भी आश्चर्य हुआ है और हम इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री का बयान तथ्यों पर आधारित नहीं था। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को उठाते हुए मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने आरोप लगाया था कि भारत ने जम्मू कश्मीर पर हमला बोला और कब्जा किया। उन्होंने नई दिल्ली से पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को कहा। तुर्की ने भी कश्मीर की स्थिति पर भारत की आलोचना की थी। रवीश कुमार ने कहा कि मलेशिया के साथ हमारे परंपरागत रूप से अच्छे और दोस्ताना संबंध रहे हैं। हम मलेशिया के प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए बयान से काफी हैरान हैं और दुखी है। उनका बयान तथ्यों पर आधारित नहीं है। कुमार ने कहा कि जम्मू एंड कश्मीर ने दूसरे राज्यों की तरह पूरी तरह भारत में विलय स्वीकार किया था। पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के हिस्सों पर कब्जा कर रखा है। मलेशिया सरकार को अपने दिमाग में दोनों देशों के संबंधों को भी ध्यान में रखे।

# इमरान ने अफगान प्रतिनिधिमंडल से नहीं की मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान में रूकी पड़ी शांति प्रक्रिया को फिर शुरू करने पर चर्चा के लिए आए उच्च स्तरीय अफगान तालिबान प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं की। प्रधानमंत्री की एक शीर्ष सहयोगी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आयी बैठक संबंधी खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह सही नहीं है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने खबरें दी थी कि तालिबान राजनीतिक आयोग (टीपीसी) के प्रमुख मुल्ला गनी बरादर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल और प्रधानमंत्री खान ने बैठक कर अफगान शांति प्रक्रिया पर चर्चा की। 'जियो न्यूज' ने खबर दी थी कि खान ने अफगानिस्तान में शांति की जरूरत को रेखांकित किया और इसे क्षेत्र में अमन चैन के लिए महत्वपूर्ण बताया। 'बीबीसी' की एक खबर में कहा गया था कि सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भी प्रतिनिधिमंडल और खान के बीच हुई बैठक में मौजूद थे।



### पाक संसद ने गैर मुस्लिमों को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने वाला विधेयक रोका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने एक विधेयक को फिलहाल रोक दिया है जिसमें संविधान संशोधन के जरिये गैर मुस्लिमों को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनने की अनुमति देने का प्रावधान था। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के ईसाई सांसद डॉ। नवीद आमिर जीवा बुधवार को विधेयक प्रस्तुत करना चाहते थे। विधेयक के जरिये जीवा चाहते थे कि अनुच्छेद 41 और 91 में संशोधन कर गैर मुस्लिमों को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनने की अनुमति प्रदान की जाए। हालांकि संसदीय मामलों के राज्यमंत्री अली मुहम्मद ने प्रस्तावित विधेयक का विरोध किया। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान एक इस्लामिक गणराज्य है जहां केवल एक मुस्लिम ही प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन सकता है।




# लंदन में कोलकाता जैसा दुर्गा पूजा का उत्साह


**लंदन।** बंगाल से हजारों मील दूर ब्रिटेन में भी कोलकाता की तरह दुर्गा पूजा की रौनक है।

यहां के स्लूस शहर स्थित क्रिकेट मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल लगाया गया है जहां पर कोलकाता के मैडॉक्स चौक जैसा माहौल है और हजारों की भीड़ खींची चली आ रही है। इसी प्रकार ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को पांच दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई। पूजा का आयोजन कर रहे है अनिवासी बंगालियों के संगठन 'अड्डा' के प्रसन्नजीत भट्टाचार्य ने बताया कि बर्कशायर कांउटी स्थित स्लूस के क्रिकेट मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल लगाना ब्रिटेन में नया है क्योंकि सामान्यतः इस तरह की पूजा सामुदायिक सभागार या होटल में आयोजित की जाती रही है न कि खुले मैदान में। इस पंडाल का आकार 110 फुट गुना 70 फुट गुना 25 फुट है जिसे पश्चिम बंगाल के अलावा असम, राजस्थान, ओडिशा और गुजरात जैसे अन्य राज्यों की हस्तकलाओं से सजाया गया है।

विदेश मंत्री जयशंकर का पाकिस्तान पर निशाना, कहा

# एक को छोड़कर सभी पड़ोसियों का क्षेत्रीय सहयोग में बेहतरीन इतिहास

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि एक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है। जयशंकर ने पाकिस्तान के संदर्भ में कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि एक को छोड़कर सभी पड़ोसियों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है। विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बोरगे ब्रेंडे के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि स्थिति बदलने पर कई लोगों के लिए यह स्वाभाविक बात है। जयशंकर ने



कहा कि शायद ही किसी को यह एहसास था कि यह (अनुच्छेद 370) संविधान में एक अस्थायी व्यवस्था थी और इसके कारण जम्मू कश्मीर राज्य में कई राष्ट्रीय कानून लागू नहीं होते थे। ये सब उनके लिए नई बातें थीं। अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की कोशिशों पर चर्चा करते हुए, मंत्री ने कहा कि एक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों का क्षेत्रीय सहयोग के मामले में बेहतरीन इतिहास रहा है।

## दीक्षांत समारोह...



**रुड़की।** शुक्रवार को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के वार्षिक दीक्षांत समारोह में छात्र को डिग्री प्रदान करते हुए।

### नेपाल, श्रीलंका ने की दक्षिण एशिया में वित्तीय बाजारों के एकीकरण की मांग

**नई दिल्ली।** नेपाल और श्रीलंका ने दक्षिण एशिया के वित्तीय बाजारों के बेहतर एकीकरण की शुक्रवार को मांग की। दोनों ने कहा कि ऐसा करने से भारत जैसे बड़े देशों की आर्थिक वृद्धि का फायदा क्षेत्र के अन्य देशों को भी होगा। नेपाल के वित्त मंत्री युवराज खतिवाड़ा ने यहां भारत आर्थिक सम्मेलन में कहा कि कई बार घरेलू बाजार और वित्तीय बाजार में उथल-पुथल आ जाती है। इसे सही करना संबंधित देश का काम होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन दक्षिण एशिया में वित्तीय बाजारों का क्षेत्रीय एकीकरण बहुत सीमित है। खतिवाड़ा ने कहा कि जब तक हम वित्तीय बाजारों को पुनः एकीकृत नहीं करते हैं और हमारी भुगतान प्रणालियों को बेहतर नहीं बनाते हैं, तेजी से वृद्धि कर रहे एक देश का लाभ क्षेत्र के अन्य देशों को बहुत धीमी गति से मिलेगा।




इस वर्ष बाढ़ की चपेट में आए 22 राज्य

# देश में बाढ़-बारिश से 1900 लोगों ने गंवाई जान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल देश भर में हुई भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं में करीब 1,900 लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 लोगों के लापता होने की सूचना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस बार 22 राज्यों के 25 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याओं से प्रभावित हुए। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सबसे ज्यादा 382 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 227 लोगों की जान आकाशीय बिजली गिरने और बाढ़ के कारण चली गई। देश के 357 जिले भारी बारिश के कारण बाढ़ की चपेट में आए।

### 20 हजार से अधिक मवेशी लापता

गृह मंत्रालय के मुताबिक, भारी बारिश के कारण 738 लोग घायल हुए, जबकि 20



हजार से ज्यादा मवेशी लापता हो गए। वहीं, मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने 1.09 लाख मकानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। इसके अलावा 2.05 लाख मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। बाढ़ के पानी ने 14.14 लाख हेक्टेयर फसल को बर्बाद कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं में कुल 1,874 लोगों की मौत हुई है। बता दें कि इस समय भी देश के कुछ हिस्सों में जबरदस्त बारिश हो रही है। मानसून अभी भी सक्रिय है, जबकि 30 सितंबर को मानसून खत्म होने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई थी।

### 1984 के बाद हुई सबसे ज्यादा बारिश

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल मानसून के चार महीनों में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। इस बार 1984 से अब तक की सबसे ज्यादा बारिश हुई है। महाराष्ट्र के 22 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए थे। राज्य में 382 लोगों की मौत के अलावा 369 लोग घायल हो गए, जबकि 7.19 लाख लोगों को 305 शिविरों में शरण लेनी पड़ी। पश्चिम बंगाल के भी 22 जिले बाढ़ की जद में आए, जिसमें 227 लोगों को जान गंवानी पड़ी और 37 लोग प्राकृतिक आपदाओं में जख्मी में हो गए। वहीं, राज्य के 43,433 लोगों को 280 शिविरों में सिर छुपाने को मजबूर होना पड़ा।

### बिहार में बाढ़ का प्रकोप जारी

बिहार में अब भी बाढ़ का प्रकोप जारी है। राज्य में अब तक 161 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1.26 लाख लोगों को 235 शरणार्थी शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। राज्य के 27 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इस बार मध्य प्रदेश भी बाढ़ आपदा से अछूता नहीं रहा है। राज्य में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण 182 लोगों की जान चली गई, जबकि 38 लोग जख्मी हो गए। वहीं, सात लोग गुमशुदा हैं। राज्य के 32,996 लोगों ने 98 कैंप में शरण ली हुई है। केरल में मानसून सीजन के दौरान 181 लोगों की मौत हो गई, जबकि 72 जख्मी हो गए हैं। राज्य में 13 जिलों के 15 लोग गुमशुदा हैं। राज्य में बनाए गए 2,227 कैंप में 4.46 लाख लोगों ने शरण ली हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109